

## गुस्ताखी माफ

बाहर कस्बों-शहर के, लगे हुए जो ढेर।
उठवाने में लगेगी, उनको अब ना देर।
उनको अब ना देर, रवैया छोड़ा टालू।
मिशन क्लीन पंजाब, कर दिया हमने चालू।
कह साहिल कविराय, बचेंगे अब ना सारे।
उठवा देंगे सभी, लगे जो सड़क किनारे।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल

RNI NO PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS




VOL: 11 | ISSUE 150 | WEDNESDAY 10-06-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# ED की लुधियाना के सीए व जालंधर के ठेकेदार पर रेड, बड़े हेरफेर के संकेत, जांच में जुटी टीमें


पंजाब/यूटर्न/9 जून। पंजाब में ईडी की छापेमारी लगातार जारी है। इसी कड़ी के तहत ईडी द्वारा मंगलवार को फिर से जालंधर और लुधियाना में रेड की। यह रेड जालंधर के नगर निगम के ठेकेदार अमित बजाज और लुधियाना के सीए (चार्टेड अकाउंटेंट) अंकुर वर्मा के घर व व्यापारिक स्थानों पर की गई है।

चर्चा है कि इन दोनों लोगों की फर्मों में कई तरह की अनियमिताएं पाई गई है, वहीं इनके लिंक कई ऐसे लोगों के साथ रहे, जो पहले से ईडी की कार्रवाई फेस कर रहे हैं। जिसके चलते ईडी द्वारा दोनों पर एक साथ रेड की गई। चर्चा है कि यर मामला अवैध फंडिंग व हवाला का भी हो सकता है। चर्चा है कि ईडी की ओर से यह कार्रवाई जालंधर, लुधियाना, दिल्ली, नोएडा और बरेली में की जा रही है। इस दौरान सीए अंकुर और ठेकेदार अमित बजाज की सभी फर्मों की जानकारी जुटाई गई, वहीं उनका नया व पुराना डेटा भी खंगाला गया। टीम ने कई दस्तावेज भी कब्जे में लिए हैं। हालांकि इस रेड के कारणों की आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं की गई है। जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह ईडी द्वारा जालंधर के ठेकेदार अमित बजाज और इंद्रजीत बजाज पर उनके न्यू जवाहर नगर इलाके में स्थित घर पर रेड की गई।






सीए अंकुर वर्मा



ठेकेदार अमित बजाज

### पुराने ऑफिसों में भी हुई रेड

*फिरोजपुर रोड स्थित बारबीक्यों नेशन के चौथे फ्लौर पर सीए अंकुर वर्मा द्वारा ऑफिस लिया गया था। वहीं 2017 में उनके पास दादा मोटर्स की बिल्डिंग में ऑफिस था। लेकिन उन्होंने दोनों ऑफिस पहले ही छोड़ दिए थे। मगर ईडी को आशंका थी। जिसके चलते टीमों द्वारा दोनों ऑफिस में भी रेड की गई। वहां पर मौजूद दूसरी कंपनियों की भी शाम तक जांच जारी रही। हालांकि उनका अंकुर के साथ कोई लिंक सामने नहीं आया।*

### सबसे ज्यादा जीएसटी रिफंड के दावे

*चर्चा है कि सीए अंकुर वर्मा द्वारा पहले खुद प्रैक्टिस की जाती थी। तब उनकी और से शहर में सबसे ज्यादा जीएसटी रिफंड लेकर देने के दावे किए जाते थे। जिसके चलते उनकी और से शहर में बोर्ड तक लगवाए गए थे। हालांकि इस बीच सीजीएसटी विभाग की टीम ने उन पर रेड की थी। अंकुर पर 252 करोड़ की फर्जी बिलिंग के आरोप थे। जिसके बाद वे लंबा समय हिरासत में भी रहे। हालांकि मौजूदा समय में वह फिडॉक कंपनी के साथ मिलकर काम कर रहे थे। चर्चा है कि अंकुर वर्मा निगम के कई टेंडर बनाने में भी अहम भूमिका निभाई।*

### सक्शन मशीनों के नामी ठेकेदार है अमित बजाज

चर्चा है कि जालंधर के अमित बजाज सक्शन मशीनों का ठेकेदार है, उनकी बजाज कंसलटेंसी के नाम से फर्म है। इन मशीनों में उसकी मोनोपोली है। यह भी चर्चा है कि निगम के ज्यादातर ठेकेदार अमित बजाज के हिस्से में आते थे। वहीं कुछ महीने पहले ही अमित बजाज पीसीए (पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन) के मेंबर भी बनाया गया है। अमित बजाज और उनके बड़े भाई इंद्रजीत बजाज की कंपनियों के पंजाब, गुजरात और अन्य राज्यों में नगर निगमों तथा सरकारी विभागों के सड़क और स्ट्रीट लाइट प्रोजेक्ट्स के ठेके हैं।

### हिंदू व्यापारियों को तंग कर रही भाजपा

वहीं, आम आदमी पार्टी के संयोजक व पूर्व दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल ने ईडी की रेड को सीधे तौर पर हिंदू व्यापारियों से जोड़ दिया। केजरीवाल ने सोशल मीडिया (एक्स) पर लिखा कि ईडी पार्टी छोटे-छोटे हिंदू व्यापारियों को तंग कर रही। जो सरासर धक्केशाही है।

*देर रात पार्टी कर रहे थे सीए वर्मा... चर्चा है कि सीए अंकुर वर्मा के घर पर पार्टी थी। इस दौरान कई रिश्तेदार व करीबी इस पार्टी में शामिल हुए थे। देर रात तक पार्टी जारी रही। लेकिन तड़के ही ईडी की रेड हो गई। चर्चा है कि सीए अंकुर के घर करीब 15 अधिकारी आए थे।*

# आप विधायक कुलवंत सिंह के बेटे सरबजीत समाना बने मोहाली के नए मेयर, कांग्रेस-भाजपा का भी मिला समर्थन

मोहाली/यूटर्न/09 जून। मोहाली नगर निगम को नया मेयर मिल गया है। आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता एवं विधायक कुलवंत सिंह के बेटे सरबजीत सिंह समाना को मोहाली का नया मेयर चुन लिया गया है। सरबजीत समाना लगातार तीसरी बार पार्षद चुने गए हैं और अब उन्हें शहर की सबसे अहम स्थानीय प्रशासनिक जिम्मेदारी सौंपी गई है।

मेयर चुनाव के दौरान आरपी शर्मा को सीनियर डिप्टी मेयर और हरपाल चन्ना को डिप्टी मेयर चुना गया। चुनाव प्रक्रिया के दौरान पंजाब सरकार में मंत्री अमन अरोड़ा भी मौजूद रहे और उन्होंने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी।





**शहर के विकास को मिलेगी नई गति...** मेयर चुने जाने के बाद सरबजीत समाना ने सभी पार्षदों और शहरवासियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता मोहाली के विकास कार्यों को गति देना, बुनियादी सुविधाओं को मजबूत बनाना और नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने कहा कि वे सभी दलों के पार्षदों को साथ लेकर शहर के हित में काम करेंगे और मोहाली को एक बेहतर, स्वच्छ और आधुनिक शहर बनाने के लिए प्रयासरत रहेंगे।

**कांग्रेस और भाजपा पार्षदों ने भी दिया समर्थन...** मेयर चुनाव की खास बात यह रही कि आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार सरबजीत समाना को कांग्रेस और भाजपा के पार्षदों का भी समर्थन मिला। इससे चुनाव प्रक्रिया काफी सहज रही और सरबजीत समाना ने व्यापक समर्थन के साथ जीत हासिल की।

### निगम कार्यालय में दिनभर रहा राजनीतिक माहौल

चुनाव से पहले विधायक कुलवंत सिंह नगर निगम कार्यालय पहुंचे। उनके साथ भाजपा और कांग्रेस के एक-एक पार्षद भी दिखाई दिए, जिससे राजनीतिक हलकों में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया। वहीं आम आदमी पार्टी के सभी पार्षद भी निगम परिसर में मौजूद रहे। मेयर चुनाव को देखते हुए नगर निगम परिसर में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। पुलिस और प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रखी गई तथा विभिन्न राजनीतिक दलों के समर्थकों की गतिविधियों पर भी नजर रखी गई।

### तीसरी बार पार्षद से मेयर तक का सफर

सरबजीत सिंह समाना लंबे समय से स्थानीय राजनीति में सक्रिय हैं और लगातार तीसरी बार पार्षद चुने जाने के बाद अब उन्हें मेयर पद की जिम्मेदारी मिली है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि उनकी नियुक्ति से आम आदमी पार्टी ने मोहाली में युवा नेतृत्व को आगे बढ़ाने का संदेश दिया है।

Uturn Time 10 June 2026_Layout 2  09-06-2026  23:28  Page 2



# एक छोटे से साइकिल पार्ट से शुरू हुआ सफर, आज छु रहा सफलता की बुलंदियां

## विश्वकर्मा इंडस्ट्रीज के चरणजीत सिंह की सफलता की कहानी




लुधियाना/यूटर्न/9 जून। लुधियाना को देश की साइकिल राजधानी कहा जाता है, लेकिन इस पहचान को बनाने में कई उद्यमियों की दशकों की मेहनत छिपी है। उन्हीं में से एक हैं विश्वकर्मा इंडस्ट्रीज के चरणजीत सिंह, जिन्होंने अपने परिवार के छोटे से कारोबार को वैश्विक स्तर तक पहुंचाया। महज 1600-1800 रुपये की पूंजी से शुरू हुआ यह सफर आज यूरोप समेत कई देशों तक पहुंच चुका है। 'ख्वाब से पहचान तक' की इस खास श्रृंखला में चरणजीत सिंह ने अपने संघर्ष, सफलता और जीवन के अनमोल अनुभव साझा किए।

**आपके कारोबार की शुरूआत कैसे हुई?**

हमारी शुरूआत 1957 में हुई थी। मेरे दादाजी कोलकाता में शिपिंग से जुड़े काम करते थे। बाद में परिवार लुधियाना आया। उस समय साइकिल इंडस्ट्री अपने शुरूआती दौर में थी। मेरे पिता गांव से रोज करीब 20 किलोमीटर साइकिल चलाकर काम पर आते थे। सिर्फ 1600-1800 रुपये की पूंजी से उन्होंने साइकिल के छोटे से पार्ट 'चेन एडजस्टर' का काम शुरू किया। घर और फैक्ट्री दोनों जगह मेहनत करके कारोबार की नींव रखी गई।

**आपने खुद किस उम्र में कारोबार संभालना शुरू किया?**

मैं 23 साल की उम्र में बिजनेस से जुड़ गया था। कॉलेज भी जाता था और फैक्ट्री में भी काम करता था। तकनीकी काम में मेरी हमेशा रुचि रही। उसी दौरान हमें रूस से 1 करोड़ कैलिपर ब्रेक्स का बड़ा ऑर्डर मिला। सीमित संसाधनों के बावजूद हमने दिन-रात मेहनत करके समय पर ऑर्डर पूरा किया। यही मेरे जीवन का सबसे बड़ा टर्निंग प्वाइंट साबित हुआ।

**ऐसा कौन-सा अनुभव रहा जिसने आपको सबसे ज्यादा प्रेरित किया?**

1990 में पहली बार जर्मनी की एक प्रदर्शनी में गया। वहां एक विदेशी ग्राहक ने कहा कि भारतीय कंपनियां उनकी गुणवत्ता का सामान नहीं बना सकतीं। यह बात मुझे बहुत लगी। मैंने भारत लौटकर उसी स्तर का उत्पाद तैयार किया और उन्हें भेजा। वे इतने प्रभावित हुए कि खुद भारत आए और कई वर्षों तक हमारे ग्राहक बने रहे। उस घटना ने मेरा आत्मविश्वास कई गुना बढ़ा दिया।

**पहली विदेश यात्रा और हवाई सफर का अनुभव कैसा रहा?**

हमारे लिए सब कुछ नया था। पहली बार हवाई जहाज में बैठे, पहली बार विदेश गए। घबराहट भी थी और उत्साह भी। जर्मनी जाकर समझ आया कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में टिकने के लिए विश्वस्तरीय गुणवत्ता जरूरी है।

**आज आपकी कंपनी किन देशों और ब्रांड्स के साथ काम कर रही है?**

हमारा मुख्य फोकस यूरोप रहा है। हम डेकाथलॉन जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों के साथ काम कर रहे हैं। भारत में भी हमारा 1700-1800 डीलरों का मजबूत नेटवर्क है। घरेलू और निर्यात दोनों बाजारों में हमारी अच्छी मौजूदगी है।

**क्या प्रतिस्पर्धा का दबाव महसूस होता है?**

नहीं, हम स्वस्थ प्रतिस्पर्धा में विश्वास करते हैं। अगर कोई प्रतिस्पर्धी किसी तकनीकी समस्या में फंसता है तो हम उसकी मदद करने के लिए भी तैयार रहते हैं। मेरा मानना है कि पूरी इंडस्ट्री के आगे बढ़ने से सभी को फायदा होता है।

**लुधियाना की साइकिल इंडस्ट्री को आप कैसे देखते हैं?**

आज भारत में बनने वाली करीब 90 प्रतिशत साइकिलें और उनके पार्ट्स लुधियाना से जुड़े हैं। पहले हमारा फोकस मिडिल ईस्ट था, लेकिन अब यूरोप में भी हमारी मजबूत पकड़ बन रही है। नई पीढ़ी ने हाई-एंड साइकिल और पार्ट्स पर काम करके इंडस्ट्री को नई दिशा दी है।

**कोई ऐसा अफसोस जो आज भी दिल में है?**

मेरे पिता ने पूरी जिंदगी मेहनत की और कारोबार को खड़ा किया। आज जब कंपनी इस मुकाम पर पहुंची है, तो सबसे बड़ा अफसोस यही है कि वे इसे देखने के लिए हमारे बीच नहीं हैं। काश, वे देख पाते कि उनके छोटे से शुरू किए गए काम को हम कहां तक लेकर आए हैं।

# कंपनियों की झूठी जानकारियां देकर करवा डाली जीएसटी रजिस्ट्रेशन, तीन फर्मों पर मामला दर्ज




लुधियाना/यूटर्न/9 जून। लुधियाना में गलत दस्तावेज व स्थिति पेश करके तीन फर्म मालिकों ने फर्जी जीएसटी रजिस्ट्रेशन करवाई। इस संबंध में राज्य कर एवं आबकारी विभाग की शिकायत पर पुलिस ने तीन अलग-अलग मुकदमे दर्ज किए हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि संबंधित फर्मों ने जीएसटी रजिस्ट्रेशन प्राप्त करने के लिए विभाग के समक्ष भ्रामक एवं गलत जानकारी प्रस्तुत की, पहले मामले में थाना शिमलापुरी पुलिस ने एमके ट्रेडर्ज (ऋृळक्ठ: 03उठअढट5011छोउ) के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शिकायत राज्य कर अधिकारी की ओर से दी गई। जांच के दौरान पाया गया कि फर्म ने जीएसटी रजिस्ट्रेशन प्राप्त करने के लिए विभाग के समक्ष गलत और मनगढ़ंत तथ्य पेश किए।

**पॉल एंटरप्राइज पर भी मामला दर्ज**

थाना डिवीजन नंबर 6 पुलिस ने पाल एंटरप्राइज (GSTIN: 03LWSPS4404B1ZF) के खिलाफ भी केस दर्ज किया है। जांच में सामने आया कि फर्म के जीएसटी रजिस्ट्रेशन से संबंधित दस्तावेजों और तथ्यों में गंभीर अनियमितताएं थीं। विभाग का आरोप है कि गलत जानकारी देकर जीएसटी रजिस्ट्रेशन प्राप्त किया गया।

**वाहेगुरु इंडस्ट्रीज पर भी कार्रवाई**

इसी प्रकार वाहेगुरु इंडस्ट्रीज (GSTIN: 03GPLPP5070M1ZD) के खिलाफ भी थाना डिवीजन नंबर-6 में मामला दर्ज किया है। राज्य कर विभाग की जांच में पाया गया कि फर्म ने रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया के दौरान वास्तविक तथ्यों को छिपाकर और गलत जानकारी देकर जीएसटी नंबर हासिल किया।

# भाजपा प्रदेश प्रधान ने किया लुधियाना का दौरा, पार्टी वर्करों संग की मीटिंग



लुधियाना/यूटर्न/9 जून। भाजपा के पंजाब प्रधान बनने के बाद पहली बार केवल सिंह ढिल्लों मंगलवार को लुधियाना पहुंचे। जिला प्रधान रजनीश धीमान और गुरदेव शर्मा देबी ने गुलदस्ते देकर उनका स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने वर्करों से मीटिंग की। मीटिंग के दौरान पंजाब विधानसभा चुनाव को लेकर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान केवल सिंह ढिल्लों ने कहा कि कैप्टन अमरिंदर सिंह विधानसभा चुनाव के दौरान फील्ड में उतरेंगे। कैप्टन अमरिंदर सिंह पार्टी के बड़े और अनुभवी नेता हैं, विधानसभा चुनाव में उनका मार्गदर्शन पार्टी को मिलेगा। कैप्टन के अब फिट होने वाले बयान व ढिल्लों का उन्हें पंजाब में पार्टी का सबसे अनुभवी नेता बताने से साफ हो जाता है कि केंद्रीय नेतृत्व ने कैप्टन अमरिंदर सिंह को विधानसभा चुनाव में प्रचार के लिए उतारने का मन बना लिया है। इस दौरान ढिल्लों ने कहा कि पंजाब में किसानों की तरक्की के बिना सूबे की तरक्की नहीं हो सकती।

लुधियाना

यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

03 बुधवार, 10 जून 2026



पेज 06 हल्लोमाजरा के प्राचीन हनुमान मंदिर में श्रद्धा...





# ज्वेलर्स को धोबी पछाड़ दे रहा जूस वाला और नटवरलाल!

राजदीप सिंह सैनी

लुधियाना/यूटर्न/9 जून। लुधियाना कपड़े के कारोबार का हब माना जाता है। वहीं इसी के साथ साथ सराफा कारोबार भी शहर में बड़ी संख्या में होता है। लेकिन इसी कारोबार की आड में एक जूस वाले समेत कई ज्वैलर्स द्वारा मोटी कमाई की जा रही है। चर्चा है कि सराफा बाजार और मॉल रोड पर स्थित मॉल प्लाजा में कुछ ज्वेलर्स द्वारा सरेआम सोने को ब्लैक किया जा रहा है। उनके द्वारा बाजार के ऑफिशियल रेट से 10 हजार रुपए सस्ता सोना कैश में बेचकर मोटी कमाई की जा रही है। इस तरह करके उक्त जूस वाले ज्वेलर और अन्य ज्वेलर्स द्वारा जहां जीएसटी व कस्टम ड्यूटी चोरी करके सरकारी खजाने को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। वहीं इसी के साथ साथ शहर के बाकी ज्वेलर्स के कारोबार को भी भारी नुकसान पहुंचाया जा रहा है। लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि न तो संबंधित विभागों द्वारा कोई एक्शन लिया जा रहा है और न ही ज्वेलर्स कुछ बोलने को तैयार है। ऐसे में इन दोनों स्थानों के नजदीक मौजूद बाकी ज्वेलर्स भी शक के घेरे में हैं।

**शहर में चर्चा : ज्वैलर्स को धोबी पछाड़ दे रहा जूस वाला**




## 4 से 5 ज्वेलर्स का है ग्रुप

- चर्चा है कि इन ज्वेलर्स द्वारा सराफा बाजार और मॉल प्लाजा में बैठकर हेरफेर किया जा रहा है। दोनों स्थानों पर 4 से 5 ज्वेलर्स का ग्रुप बना हुआ है। इसमें एक ज्वेलर तो पहले जूस वाला हुआ करता था। लेकिन इस कारोबार में ज्यादा कमाई होने के चलते उसने जूस का कारोबार छोड़ दिया, हालांकि आज भी उसकी पहचान जूस वाले के नाम से होती है। लेकिन उक्त व्यक्ति द्वारा अवैध तरीके से कैश में सोना बेचकर इतने बड़े सत्र पर काली कमाई की जा रही है कि वे कुछ समय में ही करोड़पति बन गया।

## जीएसटी व कस्टम ड्यूटी हो रही चोरी

चर्चा है कि उक्त ज्वेलर्स की और से जीएसटी व कस्टम ड्यूटी चोरी की जा रही है। दरअसल, सारा सोना विदेश से इंपोर्ट होता है। ऐसे में अगर आगे सोना 10 हजार रुपए सस्ता बेचा जा रहा है तो जाहिर सी बात है कि इंपोर्ट के समय कस्टम ड्यूटी भी चोरी की जाती होगी। वहीं फिर आगे कैश में सोना बेचकर जीएसटी चोरी की जा रही है।

## *एक ठग भी है शामिल*

*वहीं चर्चा है कि इस पूरे खेल में एक ठग ज्वेलर भी शामिल है। उक्त ज्वेलर पर चंडीगढ़ के एक ज्वेलर ने 11.10 करोड़ रुपए की ठगी करने के आरोप लगाए थे। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि उसने उक्त ज्वेलर से सोना बुक कराया था। उसने ज्वेलर की तीन फर्मों में पेमेंट भेजी। लेकिन तय डील मुताबिक उसे सोना नहीं दिया गया। जिसके बाद थाना डिवीजन नंबर आठ की पुलिस ने मोहाली के सागर सिंगला की शिकायत पर मामला दर्ज किया था।*

## मेरे ध्यान में नहीं था मामला...



लुधियाना ज्वेलर एसोसिएशन के प्रधान आनंद सिकरी ने कहा कि उनके ध्यान में मामला नहीं था। अब उनके नोटिस में आया है। मामले की जांच की जाएगी।

# इंटरनेट केबल की खुदाई से टूटी पाइपलाइन, जल रिसाव से क्षतिग्रस्त हुआ पुल; वार्ड-14 के लोगों का प्रदर्शन



जीरकपुर/यूटर्न/09 जून। ढकोली क्षेत्र में इंटरनेट केबल बिछाने के लिए एक निजी कंपनी द्वारा की जा रही खुदाई लोगों के लिए भारी परेशानी का कारण बन गई। खुदाई के दौरान पेयजल आपूर्ति की मुख्य पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे लगातार पानी का रिसाव होता रहा। जलभराव और रिसाव के कारण करीब एक वर्ष पहले निर्मित एक महत्वपूर्ण पुल भी क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे आसपास की कई रिहायशी सोसायटियों का संपर्क प्रभावित हो गया है। घटना के बाद वार्ड नंबर-14 के निवासियों में रोष फैल गया। स्थानीय निवासी अशोक बक्शी, जीतराम, हंसराज, हरमन अरोड़ा, विकास नेगी, मनमोहन दुबे, रघुवीर सिंह नेगी और रामकुमार सहित अन्य लोगों ने मौके पर एकत्र होकर नगर परिषद प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि निजी कंपनी बिना पर्याप्त सुरक्षा प्रबंधों और निगरानी के खुदाई कर रही है, जबकि ऐसे कार्यों की निगरानी की जिम्मेदारी नगर परिषद की होती है।

निवासियों ने आरोप लगाया कि संबंधित कंपनी पहले भी कई बार खुदाई के दौरान सरकारी एवं सार्वजनिक संपत्तियों को नुकसान पहुंचा चुकी है, लेकिन उसके खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। लोगों का कहना है कि प्रशासन की ढिलाई के कारण कंपनियां मनमाने तरीके से कार्य कर रही हैं और इसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार क्षतिग्रस्त पुल कई रिहायशी सोसायटियों को जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग है। पुल की खराब स्थिति के कारण लोगों की आवाजाही प्रभावित हो रही है। उन्होंने आशंका जताई कि यदि समय रहते मरम्मत नहीं करवाई गई तो कोई बड़ा हादसा भी हो सकता है। उधर, मुख्य पाइपलाइन टूटने से वार्ड नंबर-14 के अनेक घरों में सोमवार रात से पेयजल आपूर्ति ठप है।

# पीपीसीबी चेयरपर्सन से मिले उद्योग संगठनों के प्रतिनिधि, विभिन्न मांगों पर हुई चर्चा



लुधियाना/यूटर्न/09 जून। पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (पीपीसीबी) और उद्योग संगठनों के बीच विभिन्न मुद्दों को लेकर चल रही चचाओं के बीच मंगलवार को 15 औद्योगिक संस्थाओं के प्रतिनिधिमंडल ने पटियाला में पीपीसीबी की चेयरपर्सन रीना गुप्ता से मुलाकात की। उद्योग हितैषी माहौल में आयोजित बैठक के दौरान प्रतिनिधियों ने उद्योग जगत से जुड़े विभिन्न मुद्दों और मांगों को प्रमुखता से उठाया।

बैठक में चेयरपर्सन रीना गुप्ता ने उद्योग प्रतिनिधियों को पंजाब सरकार की उद्योग समर्थक नीतियों और दृष्टिकोण से अवगत करवाया। उन्होंने सभी प्रतिनिधियों का परिचय प्राप्त करने के बाद उद्योग जगत द्वारा उठाए गए मुद्दों को गंभीरता से सुना और उनके शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर पीपीसीबी के लुधियाना मुख्य अभियंता आर.के. रतड़ा सहित कई वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। उद्योग प्रतिनिधियों ने एमएसएमई की वर्गीकरण प्रणाली को केंद्र सरकार के मानकों के अनुरूप लागू करने, बिजनेस कंसेंट फीस को डिप्रिसिएशन कॉस्ट के आधार पर निर्धारित करने तथा उसमें मूवेबल एसेट्स को शामिल न करने की मांग रखी।

इसके अलावा स्थानीय स्तर पर उद्योगों और विभागीय अधिकारियों के बीच उत्पन्न हो रहे मतभेदों से भी चेयरपर्सन को अवगत कराया गया। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि पर्यावरण संबंधी नियमों की व्याख्या और अनुपालन पूरे राज्य में एक समान दृष्टिकोण से किया जाना चाहिए। उन्होंने ज्वाइंट डिस्प्यूट सेटलमेंट कमेटी के गठन, उद्योगों की समस्याओं के समयबद्ध निवारण, कंसेंट मामलों के तय समय सीमा में निपटारे, कनेक्शन डिस्कनेक्शन पर रोक तथा थर्ड पार्टी ऑडिट को मान्यता देने की मांग भी उठाई। इसके अलावा विभाग और उद्योगों के बीच बेहतर संवाद के लिए नियमित बैठकों का आयोजन करने तथा विभागीय कार्यालयों में कारोबारियों के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त विजिटर लाउंज उपलब्ध करवाने का सुझाव भी दिया गया। बैठक में नरेंद्र भवरा, गुरमीत कुलार, के.के. गर्ग, हरसिमरजीत सिंह लक्की, अनिल सचदेवा, पंकज शर्मा, पप्पू नारंग, जतिंदर मित्तल, टी.आर. मिश्रा, हनी सेठी, सुरेश राणा सहित विभिन्न औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

Uturn Time 10 June 2026_Layout 2 09-06-2026 23:28 Page 4



# एक्स गर्लफ्रेंड के हत्यारे को होश आया, कोर्ट में हुआ पेश, ज्यूडिशियल कस्टडी में भेजा



मोहाली/यूटर्न/9 जून। मोहाली में फेज-11 स्थित एसआरपी यूएस लॉजिस्टिक्स कंपनी के ऑफिस में कंपनी के अंदर घुसकर एक्स गर्लफ्रेंड की हत्या करने वाले आरोपी को 5 दिन बाद होश आया। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया और कोर्ट ले जाया गया। हालांकि इस दौरान उसने किसी का सहारा नहीं लिया। आरोपी खुद चलकर कोर्ट पहुंचा, इस दौरान चेहरे पर मास्क और चश्मा लगाया हुआ था। आरोपी हरजिंदर सिंह मान उर्फ हैरी को कोर्ट ने ज्यूडिशियल रिमांड पर भेज दिया है। हरजिंदर सिंह युवती के ब्रेकअप करने से नाराज था। उसने 4 जून को ऑफिस में चाकू से 30 वार करके युवती की हत्या कर दी थी, फिर सुसाइड के प्रयास में खुद के गले पर चाकू से हमला कर लिया था। इसके बाद उसे फोर्टिस अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उसका इलाज चल रहा था। मृतका डिंपल (30) कंपनी की डिस्पैच टीम में काम करती थी। आरोपी हरजिंदर (34) भी उसी कंपनी में काम करता था और दोनों के वर्क स्टेशन भी पास-पास थे।

# मैदान 2.0 अभियान का बड़ा असर: 10 दिन में 11 नशा तस्कर गिरफ्तार, 4 करोड़ रुपये से अधिक के नशीले पदार्थ बरामद

अजीत झा

पंचकूला/यूटर्न/09 जून। जिला पंचकूला को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से पुलिस आयुक्त पंकज नैन द्वारा शुरू किए गए विशेष अभियान ह्यमैदान 2.0ह्व के तहत पंचकूला पुलिस लगातार नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है। अभियान के तहत पिछले 10 दिनों में पुलिस ने 10 अलग-अलग मामलों में 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर करीब 4 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के नशीले पदार्थ बरामद किए हैं। डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक अमरिंदर सिंह ने बताया कि जिले की विभिन्न क्राइम यूनिटों द्वारा चलाए गए अभियान के दौरान 1 किलो 946 ग्राम हेरोइन, 7 किलो 224 ग्राम अफीम और 215 ग्राम चरस बरामद की गई है। सभी मामलों में एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर उनके नेटवर्क, सप्लाई चेन और इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटाई जा रही है।

उन्होंने बताया कि पंचकूला पुलिस केवल गिरफ्तारी तक ही सीमित नहीं है, बल्कि पहले गिरफ्तार होकर जमानत पर बाहर आए 61 नशा तस्करों का सत्यापन भी किया गया है, ताकि उनकी गतिविधियों पर नजर रखी जा सके और उन्हें दोबारा अपराध में शामिल होने से रोका जा सके।





## 18 हॉटस्पॉट क्षेत्रों में डॉग स्क्वॉड के साथ छापेमारी

डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने बताया कि जिले में नशा तस्करी से जुड़े संभावित हॉटस्पॉट क्षेत्रों की पहचान कर लगातार दबिश, औचक रेड और विशेष चेकिंग अभियान चलाए जा रहे हैं। सभी थाना और क्राइम यूनिट की टीमें अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रूप से निगरानी कर रही हैं। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत अब तक 18 हॉटस्पॉट क्षेत्रों में डॉग स्क्वॉड की सहायता से रेड की जा चुकी है। इसी कड़ी में सोमवार को रामगढ़ क्षेत्र में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया।

## नशा पीड़ितों की पहचान कर शुरू कराया उपचार

*पुलिस नशे के खिलाफ सामाजिक स्तर पर भी अभियान चला रही है। टीमों ने पिछले 10 दिनों में 29 क्षेत्रों का दौरा कर 278 लोगों से संपर्क किया तथा 16 नशा पीड़ितों की पहचान की। इनमें से 13 लोगों का उपचार शुरू कराया गया, जबकि 3 नशा पीड़ितों को नशामुक्ति केंद्र में भर्ती करवाया गया है।*

## १,७३६ सीसीटीवी कैमरों से रखी जा रही निगरानी

नशा तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण के लिए पंचकूला पुलिस आधुनिक तकनीक का भी सहारा ले रही है। शहर की 1,213 विभिन्न लोकेशनों पर लगे 2,736 सीसीटीवी कैमरों को एकीकृत निगरानी प्रणाली से जोड़ा गया है।

पुलिस के अनुसार इन कैमरों के माध्यम से जमानत पर बाहर आए नशा तस्करों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है, जिससे संदिग्ध गतिविधियों, नशा नेटवर्क और तस्करों की आवाजाही की रियल टाइम मॉनिटरिंग संभव हो रही है।

**हेल्पलाइन नंबर जारी...** पंचकूला पुलिस ने लोगों से अपील की है कि नशा छोड़ने, नशा तस्करी की सूचना देने या किसी प्रकार की सहायता प्राप्त करने के लिए मानस हेल्पलाइन 1933 तथा ड्रग इंफो हेल्पलाइन 7087081100 और 7087081048 पर संपर्क करें। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

# सड़क हादसे के बाद घायल को अस्पताल ले जाने के बजाय शव ठिकाने लगाने की कोशिश, पिता-पुत्र गिरफ्तार

पंचकूला/यूटर्न/09 जून। पिंजौर क्षेत्र में सड़क दुर्घटना के बाद घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने के बजाय उसका शव ठिकाने लगाने की कथित कोशिश करने के मामले में पंचकूला पुलिस ने 24 घंटे के भीतर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार 7 जून को चरणजीत सिंह के परिजनों को सूचना मिली थी कि वह सड़क दुर्घटना में घायल हो गए हैं। जानकारी मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे, जहां पता चला कि एक लोडिंग टैंपो ने चरणजीत सिंह को टक्कर मार दी थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना के बाद चालक घायल को इलाज के लिए अस्पताल ले जाने की बात कहकर अपने वाहन में बैठाकर वहां से चला गया।

परिजनों ने आसपास के विभिन्न अस्पतालों में चरणजीत सिंह की तलाश की, लेकिन उनका कोई पता नहीं चल सका। बाद में थाना चंडीमंदिर से सूचना मिली कि गांव चौकी ग्रिड के पास नीली तिरपाल में लिपटा एक शव बरामद हुआ है। आधार कार्ड के माध्यम से शव की पहचान चरणजीत सिंह निवासी पंचकूला के रूप में हुई। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और शव की पहचान की। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सेक्टर-6 नागरिक अस्पताल पंचकूला की मोर्चरी में रखवा दिया। परिजनों ने पुलिस को दिए बयान में आरोप लगाया कि टैंपो चालक ने वाहन को तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाते हुए दुर्घटना की तथा घायल को समय पर अस्पताल पहुंचाने के बजाय शव को छिपाने का प्रयास किया।



## २४ घंटे में दो आरोपी गिरफ्तार

डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता ने बताया कि मामले में थाना पिंजौर में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 125ए, 238(सी), 281 और 106ए के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि अमरावती चौकी प्रभारी प्रीतम सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित जांच करते हुए 24 घंटे के भीतर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नेमचंद और उसके पुत्र शंकर के रूप में हुई है, जो अंबाला के रहने वाले हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दुर्घटना के बाद आरोपियों ने घायल को अस्पताल पहुंचाने के बजाय मामले को छिपाने की कोशिश की। पुलिस के अनुसार घटना में शामिल तीसरे आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने कहा कि मामले से जुड़े सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है और दोषी पाए जाने वाले सभी लोगों के खिलाफ कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# बिना नंबर प्लेट और फर्जी नंबर प्लेट वाले वाहनों पर पंचकूला पुलिस का शिकंजा, 5 महीने में 7128 चालान



पंचकूला/यूटर्न/09 जून। सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाने और अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से पंचकूला पुलिस ने बिना नंबर प्लेट तथा नियमों के विपरीत नंबर प्लेट लगाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया है। इस अभियान के तहत पिछले पांच महीनों में 7,128 वाहनों के चालान किए गए हैं, जबकि गंभीर उल्लंघन करने वाले 300 वाहनों को इंपाउंड किया गया है। एसीपी ट्रैफिक सुरेंद्र सिंह ने बताया कि यह कार्रवाई जिलेभर में लगे सीसीटीवी कैमरों, पुलिस की नियमित चेकिंग और विशेष ट्रैफिक अभियानों के माध्यम से की गई है। पुलिस टीमें लगातार विभिन्न क्षेत्रों में वाहनों की जांच कर रही हैं और नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी है।

उन्होंने कहा कि कई वाहन चालक बिना नंबर प्लेट, टूटी-फूटी नंबर प्लेट या निर्धारित मानकों के विपरीत डिजाइन वाली नंबर प्लेट का इस्तेमाल करते हैं, जिससे उनकी पहचान करना मुश्किल हो जाता है। ऐसे वाहनों पर विशेष नजर रखी जा रही है।

**अपराधियों की पहचान छिपाने का माध्यम बनती हैं फर्जी नंबर प्लेटें...** डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक अमरिंदर सिंह ने कहा कि बिना नंबर प्लेट या छेड़छाड़ की गई नंबर प्लेट वाले वाहन अब पुलिस की नजर से नहीं बच पाएंगे। उन्होंने बताया कि कई मामलों में अपराधी अपनी पहचान छिपाने और पुलिस निगरानी से बचने के लिए नंबर प्लेट पर मिट्टी लगाना, टेप चिपकाना या अन्य तरीकों से नंबर छिपाने का प्रयास करते हैं।

चंडीगढ़

यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

05 बुधवार, 10 जून 2026



पेज 12 गौवंश कल्याण समिति की बैठक में विभिन्न मुद्दों...

# सीआईसीयू ने 'भव्य' पोर्टल का स्वागत किया, एमएसएमई के लिए रियायती भूमि और तकनीकी अपग्रेड की उठाई मांग

लुधियाना/यूटर्न/09 जून। औद्योगिक एवं वाणिज्यिक उपक्रमों के चैंबर (CICU) ने केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल द्वारा शुरू किए गए 'भव्य' (भारत औद्योगिक विकास योजना) पोर्टल का स्वागत किया है।

यह योजना 33,660 करोड़ के परिव्यय से देशभर में 100 आधुनिक औद्योगिक पार्क विकसित करने के उद्देश्य से शुरू की गई है।

लॉन्च कार्यक्रम में उकव अध्यक्ष उपकार सिंह आहूजा ने हिस्सा लेते हुए एमएसएमई सेक्टर से जुड़े कई अहम मुद्दे केंद्रीय मंत्री के समक्ष रखे। उन्होंने विशेष रूप से लघु और मध्यम उद्योगों के लिए औद्योगिक भूमि की बढ़ती कीमतों पर चिंता जताई और रियायती दरों पर भूमि आवंटन की मांग की। उन्होंने कहा कि पंजाब, खासकर लुधियाना में भूमि की ऊंची कीमतों के कारण छोटे उद्योगों के विस्तार में कठिनाई आ रही है। ऐसे में एमएसएमई को विशेष सुविधा देना जरूरी है।



आहूजा ने सुझाव दिया कि सरकार की 'एक जिला, एक उत्पाद' (ODOP) योजना को प्रस्तावित प्लग-एंड-प्ले औद्योगिक पार्कों से जोड़ा जाए, ताकि स्थानीय उत्पादों और औद्योगिक क्लस्टर को बढ़ावा मिल सके।

इसके अलावा उन्होंने कहा कि एमएसएमई और सामान्य उद्योगों में तकनीकी स्तर अभी अपेक्षित नहीं है। इसके लिए औद्योगिक पार्कों में टेक्नोलॉजी हब, R&D सेंटर और इनोवेशन यूनिट्स के लिए विशेष स्थान और प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए। CICU ने कहा कि यह 'भव्य' पहल भारत के औद्योगिक विकास, निवेश और रोजगार सृजन को नई गति देगी और देश को वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने में मदद करेगी।

# 'नशों के विरुद्ध युद्ध', अभियान के तहत जागरूकता ऑटो रवाना

## शिकायत बॉक्स के माध्यम से लोग गुप्त रूप से दे सकेंगे जानकारी, सरकार ने लोगों से सहयोग की अपील की

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/9/जून। पंजाब सरकार द्वारा चलाए जा रहे नशों के विरुद्ध युद्ध (War Against Drugs) अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से आज विधानसभा हलका जगरांव में तीन जागरूकता ऑटो-रिक्शा रवाना किए गए। इस अवसर पर हलका विधायक सरबजीत कौर माणुके, एसडीएम उपिंदरजीत कौर बराड़ और डीएसपी जसविंदर सिंह ढींडसा उपस्थित रहे। विधायक सरबजीत कौर माणुके ने बताया कि पंजाब सरकार द्वारा राज्य के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में तीन-तीन ऑटो चलाए गए हैं, जो शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करेंगे। उन्होंने कहा कि ये ऑटो गांवों और वार्डों में बार-बार जाएंगे ताकि अधिक से अधिक लोगों तक संदेश पहुंच सके। उन्होंने जानकारी दी कि ऑटो पर विशेष शिकायत बॉक्स लगाए गए हैं, जिनमें नागरिक नशा तस्करी या नशों से संबंधित जानकारी गुप्त रूप से साझा कर सकेंगे। प्राप्त शिकायतों को संबंधित पोर्टल तक पहुंचाया जाएगा ताकि आवश्यक कार्रवाई की जा सके। इस मौके पर डीएसपी जसविंदर सिंह ढींडसा ने कहा कि नशों के विरुद्ध अभियान के तहत कानून लागू करने वाली एजेंसियों द्वारा विभिन्न कार्रवाई की जा रही हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि यदि किसी को नशा बेचने या नशीले पदार्थों के उपयोग के संबंध में जानकारी हो, तो वे उसे गुप्त रूप से साझा करें, ताकि संबंधित मामलों की जांच और कानूनी कार्रवाई की जा सके। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, इस पहल का उद्देश्य नशों के विरुद्ध जनभागीदारी को मजबूत करना और युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए जागरूकता बढ़ाना है।



# राष्ट्रीय लोकदल के शिष्टमंडल ने राज्यपाल एवं प्रशासक गुलाब चंद कटारिया से की मुलाकात

चंडीगढ़/यूटर्न/09 जून। राष्ट्रीय लोकदल चंडीगढ़ प्रदेश इकाई का एक शिष्टमंडल आज पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक महामहिम गुलाब चंद कटारिया से मिला। शिष्टमंडल ने चंडीगढ़ शहर से जुड़ी विभिन्न जनसमस्याओं एवं विशेष रूप से शहर में स्ट्रीट वेंडरों (रेहड़ी-फड़ी विक्रेताओं) को आ रही दैनिक परेशानियों के संबंध में विस्तार से चर्चा की। शिष्टमंडल ने महामहिम को बताया कि स्ट्रीट वेंडरों को अपने रोजगार के दौरान अनेक प्रशासनिक एवं अन्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उनके परिवारों की आजीविका प्रभावित हो रही है। इसके अलावा शहर के विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित जनहित के मुद्दों को भी राज्यपाल के समक्ष रखा गया। महामहिम गुलाब चंद कटारिया ने शिष्टमंडल की सभी मांगों एवं समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित अधिकारियों से बातचीत कर उचित समाधान सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े मुद्दों पर प्रशासन संवेदनशीलता के साथ कार्य करेगा। आगे राष्ट्रीय लोकदल, चंडीगढ़ प्रदेश इकाई मीडिया प्रभारी विनय कुमार ने बताया कि आज के शिष्टमंडल में राष्ट्रीय लोकदल चंडीगढ़ प्रदेश अध्यक्ष विद्या शंकर पाठक, प्रदेश उपाध्यक्ष ललित भाटिया, प्रदेश उपाध्यक्ष राममिलन गौड़, प्रदेश महामंत्री डॉ. विकास धवन तथा उत्तर प्रदेश वेलफेयर एसोसिएशन चंडीगढ़ के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव कुमार वर्मा शामिल रहे।



# साइबर सुरक्षा कियोस्क पर गूंज रही हनुमान चालीसा, सुखना लेक पर चर्चा का विषय बनी तकनीकी गड़बड़ी

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/09 जून। साइबर अपराधों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए सुखना लेक पर लगाया गया साइबर अवेयरनेस कियोस्क इन दिनों अलग ही वजह से चर्चा में है। लोगों को ऑनलाइन ठगी से बचने के टिप्स देने वाली यह मशीन सुरक्षा संदेशों की जगह हनुमान चालीसा का पाठ सुनाती नजर आ रही है। सुखना लेक पर सुबह-शाम सैर करने आने वाले लोगों का ध्यान जैसे ही इस कियोस्क की ओर गया, वहां मौजूद लोग हैरान रह गए। कुछ लोगों ने इसे तकनीकी खामी माना, जबकि कई लोगों ने इसे मजाकिया अंदाज में साइबर ठगी के खिलाफ 'दैवीय सुरक्षा कवच' तक बता दिया। एक मॉर्निंग वॉकर ने मुस्कुराते हुए कहा कि आजकल साइबर अपराधियों के नए-नए तरीके सामने आ रहे हैं। ऐसे में तकनीक के साथ भगवान का नाम भी काम आ जाए तो बुरा क्या है। उनकी यह टिप्पणी सुनकर आसपास मौजूद लोग भी ठहाके लगाने लगे। दरअसल, यह कियोस्क लोगों को ओटीपी साझा न करने, संदिग्ध लिंक से बचने, फर्जी केवाईसी अपडेट और डिजिटल अरेस्ट जैसे साइबर अपराधों के प्रति सतर्क करने के उद्देश्य से लगाया गया था। इसके माध्यम से साइबर हेल्पलाइन 1930 और ऑनलाइन शिकायत पोर्टल की जानकारी भी दी जानी थी। हालांकि वर्तमान में कियोस्क से प्रसारित हो रही धार्मिक सामग्री ने लोगों के बीच यह सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर साइबर जागरूकता प्रणाली में ऐसी तकनीकी गड़बड़ी कैसे हुई और यह कब से जारी है।




# दशमेश कुश्ती अखाड़ा दयालपुरा के पहलवान राजबीर सिंह एशिया चैंपियनशिप में भारत को रिप्रेजेंट करेंगे

जीरकपुर/यूटर्न/09 जून। दशमेश कुश्ती अखाड़ा दयालपुरा के पहलवान राजबीर सिंह थाईलैंड में होने वाली अंडर-15 एशिया कुश्ती चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे, जो पुआध इलाके के लिए बहुत गर्व की बात है। गौरतलब है कि राजबीर सिंह अकेले ऐसे पहलवान हैं जो भारतीय टीम में पंजाबी पहलवान के तौर पर कुश्ती लड़ेंगे। दशमेश कुश्ती अखाड़ा दयालपुरा के संचालक ने बताया कि राजबीर सिंह लगातार आठ साल तक कुश्ती कोच रिंकू शर्मा से ट्रेनिंग लेकर आज इस मुकाम पर पहुंचे हैं। इस मौके पर पत्रकारों से बात करते हुए कोच रिंकू शर्मा ने कहा कि राजबीर सिंह 25 जून से 5 जुलाई तक होने वाली एशिया चैंपियनशिप में भी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। इस मौके पर दशमेश कुश्ती अखाड़ा दयालपुरा के मैनेजिंग प्रेसिडेंट राजिंदर कुमार, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट बलविंदर सिंह, सेक्रेटरी जगविंदर सिंह छत, ट्रेजरर जगदीप सिंह और मेंबर जसवीर सिंह और रुलदा सिंह ने राजवीर सिंह की इस कामयाबी पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इस कामयाबी के पीछे जहां कोच रिंकू शर्मा और राजवीर की कड़ी मेहनत का बहुत बड़ा योगदान है, वहीं पुआध इलाके के प्यार करने वाले लोगों और गांव दयालपुरा के रहने वालों का भी बहुत बड़ा योगदान है।



# हल्लोमाजरा के प्राचीन हनुमान मंदिर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया जन्माष्टमी महोत्सव

चंडीगढ़/यूटर्न/09 जून। वार्ड नंबर-20 स्थित श्री प्राचीन हनुमान मंदिर, हल्लोमाजरा में पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर जन्माष्टमी महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया और भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की मनमोहक झांकियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी रहीं।



कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। महिलाओं और बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। भजन-कीर्तन, धार्मिक अनुष्ठानों और भगवान श्रीकृष्ण की आरती के साथ पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल में सराबोर रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पर पूजा-अर्चना कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। मंदिर के प्रधान विजय गोयल के नेतृत्व में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम को सफल बनाने में गणेश झा, विमला देवी, गीता देवी, उषा रानी, कौशल्या और ममलेश सहित अनेक श्रद्धालुओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। श्रद्धालुओं ने कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज में प्रेम, भाईचारे, सद्भावना और आध्यात्मिक चेतना को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम के समापन पर सभी श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया। आयोजकों ने बताया कि भविष्य में भी मंदिर में धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन जारी रहेगा, ताकि समाज में आध्यात्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत किया जा सके।

# राधा-कृष्ण जन्मोत्सव श्रद्धा और उत्साह से मनाया, 12 जून को होगा हवन व विशाल भंडारा

जीरकपुर/यूटर्न/09 जून। अग्रवाल वैश्य समाज जीरकपुर द्वारा सनातन धर्म मंदिर, लोहगढ़ में श्री राधा-कृष्ण जन्मोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की खुशियां मनाई और धार्मिक आयोजन में अपनी सहभागिता दर्ज कराई।





समारोह में समाज के प्रधान कृष्ण गर्ग और महासचिव आनंद अग्रवाल सहित विजय जिंदल, नरेश मित्तल, विजय गर्ग, भारत भूषण, जोनी सिंगला, मनोहर सिंगला, राहुल गर्ग तथा समिति के अन्य सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव को भक्ति भाव, कीर्तन और धार्मिक उत्साह के साथ मनाया।

इस अवसर पर समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि सनातन धर्म मंदिर लोहगढ़ में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ 11 जून तक जारी रहेगा। कथा के दौरान श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, धर्म और मानव कल्याण से जुड़े संदेशों का श्रवण कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि 12 जून को कथा के समापन अवसर पर हवन यज्ञ एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस धार्मिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में के.बी.डी. श्री रमेश गोयल, श्री नारंग राय अग्रवाल, श्री प्रेम चंद बंसल, श्री सज्जन अग्रवाल, श्री जस्सी नाभा वाला तथा पंचकूला के मेयर श्री श्याम लाल बंसल शामिल होंगे।

समाज के सदस्यों ने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे कथा एवं समापन समारोह में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आध्यात्मिक चेतना जागृत करने के साथ-साथ सामाजिक एकता और सांस्कृतिक मूल्यों को भी मजबूत बनाते हैं।

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

### अखबार में पूरी, कचौरी आदि खाद्य पदार्थ रखकर बेचने पर रोक क्यों लगी है?

हाल ही में खाद्य सुरक्षा विभाग ने अखबार में पूरी, कचौरी, समोसा तथा अन्य खाद्य पदार्थ रखकर बेचने पर रोक लगाई है। इसका मुख्य कारण लोगों के स्वास्थ्य की सुरक्षा है। अखबार छापने में उपयोग होने वाली स्याही में कई प्रकार के रासायनिक पदार्थ होते हैं, जो भोजन के संपर्क में आने पर उसमें मिल सकते हैं। गर्म खाद्य पदार्थों में ये रसायन और अधिक तेजी से प्रवेश करते हैं, जिससे पेट संबंधी बीमारियां, विषाक्तता तथा अन्य स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। अखबार स्वच्छ वातावरण में भोजन रखने के लिए भी उपयुक्त नहीं होता। यह कई हाथों से होकर गुजरता है और धूल-मिट्टी तथा कीटाणुओं के संपर्क में आता है। ऐसे में भोजन दूषित होने का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुसार अखबार का उपयोग भोजन पैक करने या परोसने के लिए नहीं किया जाना चाहिए। यह नियम केवल कुछ क्षेत्रों तक सीमित न रहकर पूरे देश में लागू किया जाना चाहिए। इससे सभी नागरिकों को सुरक्षित और स्वच्छ भोजन मिलेगा। साथ ही दुकानदारों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और खाद्य जनित बीमारियों में कमी आएगी। स्वस्थ नागरिक ही देश की सबसे बड़ी शक्ति होते हैं, इसलिए इस नियम का देशव्यापी पालन आवश्यक है।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

वैवाहिक विवादों में कई बार एक पक्ष अचानक घर छोड़कर चला जाता है। ऐसे मामलों में यह सवाल उठता है कि क्या बिना बताए घर छोड़ना कानूनी रूप से गलत माना जाता है।

सिर्फ घर छोड़ना अपने आप में हमेशा अपराध नहीं होता। लेकिन अदालत यह देखती है कि घर छोड़ने के पीछे परिस्थितियां क्या थीं।

यदि किसी व्यक्ति ने cruelty, domestic violence, harassment या unsafe environment के कारण घर छोड़ा है, तो अदालत इसे अलग दृष्टि से देख सकती है। दूसरी ओर, यदि कोई spouse बिना उचित कारण के लंबे समय तक वैवाहिक संबंध और जिम्मेदारियां छोड़ देता है, तो यह matrimonial disputes में "desertion" (त्याग) का प्रश्न बन सकता है, जो Divorce का एक ground भी हो सकता है। ऐसे मामलों में communication, conduct, intention और समय अवधि महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यदि बच्चे, financial responsibilities या dependent family members जुड़े हों, तो स्थिति और भी संवेदनशील हो जाती है।

कई लोग भावनात्मक विवाद में तुरंत घर छोड़ देते हैं, लेकिन बाद में वही कदम maintenance, custody या divorce proceedings में महत्वपूर्ण legal issue बन जाता है।

निष्कर्ष: बिना बताए घर छोड़ना हर परिस्थिति में illegal नहीं है, लेकिन उसके पीछे का कारण और परिस्थितियां अत्यंत महत्वपूर्ण होती हैं। वैवाहिक मामलों में जल्दबाजी में उठाया गया कदम भविष्य में कानूनी प्रभाव पैदा कर सकता है।

# ईसीएचएस के कथित 100 करोड़ रुपये के घोटाले की जांच तेज

## मंथन हेल्थकेयर से जुड़े एक और डॉक्टर जांच के दायरे में

चंडीगढ़/यूटर्न/09 जून। पूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना से जुड़े कथित 100 करोड़ रुपये के घोटाले की जांच में केंद्रीय जांच ब्यूरो को नए सुराग मिले हैं। जांच के दौरान मंथन हेल्थकेयर से जुड़े एक अन्य डॉक्टर का नाम भी सामने आया है। सूत्रों के अनुसार एजेंसी चंडीगढ़, मोहाली और पंचकूला के विभिन्न निजी अस्पतालों से जुटाए गए मेडिकल रिकॉर्ड, रेफरल दस्तावेजों और मरीजों की फाइलों की जांच कर रही है। इन दस्तावेजों में संबंधित डॉक्टर के हस्ताक्षर होने की बात भी सामने आई है।




इस मामले में मंथन हेल्थकेयर पहले से जांच एजेंसियों के रडार पर है। संस्थान से जुड़े कुछ अन्य लोगों के खिलाफ पहले ही कार्रवाई की जा चुकी है, जबकि स्वास्थ्य विभाग ने गंभीर अनियमितताओं के आरोपों के बाद सेक्टर-38 स्थित मंथन हेल्थकेयर केंद्र को बंद कर दिया था। जांच एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि ECHS लाभार्थियों को विभिन्न निजी अस्पतालों में रेफर करने की प्रक्रिया में कहीं नियमों का उल्लंघन तो नहीं हुआ।

CBI की जांच में ऐसे दस्तावेज भी सामने आए हैं, जिनमें मरीजों के इलाज, भर्ती, लैब जांच और मेडिकल क्लेम से संबंधित रिकॉर्ड की सत्यता की पड़ताल की जा रही है। सूत्रों के अनुसार कुछ मामलों में मरीजों को भर्ती दिखाने, मेडिकल बिल तैयार करने और उपचार संबंधी रिकॉर्ड में कथित अनियमितताओं की जांच की जा रही है। एजेंसी यह भी जांच कर रही है कि इस पूरे मामले में निजी अस्पतालों, लैब संचालकों, मध्यस्थों या अन्य व्यक्तियों की क्या भूमिका रही।

जांच का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि मंथन हेल्थकेयर एडल्ट के अधिकृत पैनल में शामिल नहीं था, फिर भी उससे जुड़े रेफरल और मेडिकल रिकॉर्ड जांच के केंद्र में हैं। सीबीआई फिलहाल वित्तीय लेन-देन, रेफरल रिकॉर्ड, भर्ती दस्तावेज, लैब रिपोर्ट और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों का विश्लेषण कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि जांच अभी जारी है और अंतिम निष्कर्ष सामने आने के बाद ही किसी की भूमिका और जिम्मेदारी को लेकर स्पष्ट स्थिति बन पाएगी।

# शहर में हाई वोल्टेज ड्रामा: चोर से लेकर साध तक, सभी पर गिरी गाज, आखिर असली जिम्मेदार कौन!

लुधियाना/यूटर्न/9 जून। लुधियाना में पिछले कुछ दिनों से एक मामला लगातार सुर्खियों में बना हुआ है। जिसमें होजरी कारोबारी प्रतीक टंडन की और से होजरी कारोबारी साहिल मल्होत्रा, प्रदुमन मल्होत्रा और मिनाक्षी मल्होत्रा के खिलाफ धोखाधड़ी समेत कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। इसमें दिल्ली से साहिल और प्रदुमन की गिरफ्तारी होती है और फिर थाने से एक छुटभैया नेता दोनों को भगाकर ले जाता है। इस पूरे घटनाक्रम के बाद अब पुलिस ने आरोपियों के रिश्तेदार चेतन बवेजा व उसके 25 साथियों खिलाफ चोरी के आरोप में एफआईआर दर्ज की। मामला दर्ज होते ही मंगलवार को बवेजा के समर्थक सीपी ऑफिस बाहर प्रदर्शन करने पहुंच गए और अपने लोगों को बेदाग बताया। वहीं मामले की जांच कराने की मांग की। उन्होंने मां बगलामुखी मंदिर के मुखी महंत प्रवीण चौधरी पर भी 12 तोले का सोने का कड़ा लेकर झूठा पर्चा दर्ज कराने के आरोप लगाए। इतने दिन से चल रहे इस घटनाक्रम में चोर से लेकर साध तक सभी पर गाज गिर चुकी है। जनता को समझ ही नहीं आ रहा है कि आखिर कौन सच्चा है और कौन झूठा है। बाकी बातें तो ठीक है, लेकिन थाने से आरोपियों को भगाने पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की।



सीपी ऑफिस बाहर प्रदर्शन करते लोग

## थाने से भगाने वालों पर एक्शन नहीं

बता दें कि प्रतीक टंडन की और से थाना दरेसी में तीन करोड़ की ठगी के आरोप साहिल मल्होत्रा, प्रदुमन मल्होत्रा और मिनाक्षी मल्होत्रा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई थी। जिसमें पुलिस ने साहिल व प्रदूमन को दिल्ली के एक होटल से गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में पुलिस आरोपियों को शाम को थाने लेकर पहुंची। लेकिन चर्चा है कि देर रात छुटभैया नेता व भाजपा पार्षद का पति साथियों समेत उन्हें सरेआम पुलिस हिरासत से छुड़वाकर ले गए। जिसके बाद नेता ने वीडियो भी सोशल मीडिया पर डाली। मगर आज तक पुलिस ने मामले में कार्रवाई नहीं की।

## महंत ने सोने का कड़ा लेकर कराया पर्चा

वहीं सीपी ऑफिस पहुंचे साहिल, प्रदूमन के रिश्तेदारों व साथियों ने आरोप लगाया कि मां बगलामुखी मंदिर के महंत प्रवीण चौधरी की और से 12 तोले सोने का कड़ा लेकर पर्चा दर्ज करवाया है। उन्होंने कहा कि संतों को ऐसे धक्केशाही करना शोभा नहीं देता। हालांकि इस बीच एक महिला के शब्द डगमगा गए और उन्होंने चेतन बवेजा पर ही महंत चौधरी को सोने का कड़ा देने के आरोप लगा डाले। इस दौरान पार्षद गौरवजीत गौरा ने कहा कि एक कारोबारी पर करोड़ों की ठगी का पर्चा हुआ और दूसरी तरफ चोरी की कार्रवाई की। कारोबारी या तो ठग हो सकता है या चोर हो सकता है।

## सोने की चेन व नकदी की चोरी

प्रतीक टंडन द्वारा पुलिस को दिए बयान में बताया गया कि साहिल और प्रदूमन आरोपी कॉपी राइट एजेंट चेतन बवेजा का रिश्तेदार है। 31 मई को चेतन बवेजा व उसके 25 अज्ञात साथियों ने मिलकर एक गैर-कानूनी भीड़ जुटाई और वे सभी किरपान, रिवॉल्वर, लाठियों, कांच की बोतलों जैसे घातक हथियारों से लैस थे। उन्होंने देर रात शिकायतकर्ता पर हमला करके मारपीट की, धमकियां दी। वहीं उसके गले में पहनी 2 तोले वजन की सोने की चेन चोरी की और जेब में रखे 20,000 रुपए भी निकाल लिए। जिसके बाद आरोपी साहिल व प्रदूमन को सरेआम रिहा करवाकर ले गए। इसकी वीडियो भी है।

## पार्षद पति भी वीडियो में दिखा

वहीं थाने से साहिल व प्रदूमन को भगाने के बाद छुटभैया नेता द्वारा बनाई गई वीडियो में पार्षद पति जतिंदर गोरियान भी उनके साथ दिखाई दिया था। लेकिन फिर भी पुलिस ने एक्शन नहीं लिया। हालांकि मंगलवार को सीपी ऑफिस में प्रदर्शन के दौरान गोरियान भी मौजूद था, लेकिन फिर भी पुलिस ने उस पर कार्रवाई नहीं की।




थाने से आरोपी भगाने के बाद छुटभैया नेता और पार्षद पति ने वीडियो बना सोशल मीडिया पर डाली

## मेरा नाम जबरन किया जा रहा इस्तेमाल

वहीं मां बगलामुखी मंदिर के मुखी महंत प्रवीण चौधरी ने कहा कि प्रतीक टंडन धाम में सेवादार है, इसका यह मतलब नहीं कि मेरा नाम इस मामले से जोड़ा जाए। दोनों पक्ष का आपसी लेनदेन है, इसमें मेरा या धाम का कोई लिंक नहीं है। जबरन मेरा नाम इस्तेमाल किया जा रहा है। न तो मेरा किरदार ऐसा है और न ही मैं ऐसे कार्यों में शामिल हूं।



# केजी गेस्ट हाउस में जुआ खेलते 7 लोग गिरफ्तार, मालिक पर भी पर्चा दर्ज

लुधियाना/यूटर्न/9 जून। पक्खोवाल रोड पर केजी गेस्ट हाउस में पुलिस ने रेड कर सात लोगों को जुआ खेलते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। वहीं गेस्ट हाउस मालिक को भी गिरफ्तार किया है। इस संबंध में थाना सदर पुलिस ने विनय कुमार, अमित चावला, गुरदीप सिंह, पंकज, गुरपाल सिंह, चरणजीत सिंह, नवीन कुमार और भारत भूषण के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार 8 जून 2026 को क्षेत्र में गश्त के दौरान पुलिस पार्टी को एक खास मुखबिर से सूचना मिली कि केजी गेस्ट हाउस में कुछ लोग ताश के



पत्तों पर पैसे लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए गेस्ट हाउस पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान पुलिस ने विनय कुमार, अमित चावला, गुरदीप सिंह, पंकज, गुरपाल सिंह और भारत भूषण को जुआ खेलते हुए काबू कर लिया। मौके से पुलिस ने जुए में इस्तेमाल हो रहे ताश के पत्ते तथा 1 लाख रुपये की नकदी बरामद की। पुलिस ने इस दौरान होटल मालिक नवीन को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। जांच अधिकारी यह भी पता लगाने में जुटे हैं कि गेस्ट हाउस में लंबे समय से जुआ चल रहा था या नहीं तथा इसमें अन्य लोग भी शामिल हैं या नहीं।

# घरेलू कलह ने लिया खूनी रूप: मामूली विवाद के चलते पत्नी पर जानलेवा हमला, पति समेत ससुराल पक्ष पर केस दर्ज

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/9/जून। पारिवारिक विवाद के चलते एक महिला के साथ मारपीट और उसे प्रताड़ित करने का गंभीर मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़िता ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि उसके ससुराल पक्ष द्वारा उसे लंबे समय से दहेज और अन्य कारणों को लेकर परेशान किया जा रहा था।

## क्या है पूरा मामला ?

पीड़िता का आरोप है कि उसका विवाह 9 दिसंबर 2019 को हुआ था। शादी के कुछ समय बाद से ही ससुराल वालों ने उसे दहेज के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। पीड़िता ने बताया कि उसके पति और ससुराल पक्ष के अन्य सदस्यों ने उसे कई बार घर से बाहर निकालने की कोशिश की।

## 5 जून की रात को हुआ जानलेवा हमला

शिकायत के अनुसार, 5 जून की रात लगभग 2 बजे, आरोपी पति और अन्य ससुराल वालों ने उसके साथ बेरहमी से मारपीट की। आरोप है कि आरोपियों ने उसे जान से मारने की नीयत से गंभीर चोटें पहुँचाई और उसे घर से निकाल दिया। पीड़िता ने किसी तरह अपनी जान बचाकर मामले की सूचना पुलिस को दी।

## पुलिस ने दर्ज किया केस

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने पीड़िता के बयानों के आधार पर संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगामी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। फिलहाल, इस घटना के बाद से क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# लुधियाना पुलिस का 'ऑपरेशन नशा': एक ही दिन में चार अलग-अलग कार्रवाईयों में नशा तस्करों को दबोचा

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/9/जून। लुधियाना देहाती पुलिस ने नशीले पदार्थों के खिलाफ छेड़े गए अपने विशेष अभियान को और तेज करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। जिले के विभिन्न थानों की पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए नशा तस्करी में लिप्त कई आरोपियों को भारी मात्रा में नशीले पदार्थों के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस की इस ताबड़तोड़ कार्रवाई ने नशा तस्करों के मंसूबों पर पानी फेर दिया है।

**इन आरोपियों पर गिरी पुलिस की गाज:** सिधवां बेट पुलिस का एक्शन: गुप्त सूचना के आधार पर नाकाबंदी कर पुलिस ने अमरजीत सिंह उर्फ लाडी निवासी मोहल्ला रविदासीपुरा को दबोचा। आरोपी के पास से 06 ग्राम हेरोइन और उसकी शेवरले क्रूज कार बरामद की गई है।

**दाखा में संदिग्ध की गिरफ्तारी:** गश्त के दौरान सरबजीत सिंह निवासी: देतवाल को पुलिस ने संदिग्ध अवस्था में रोका। तलाशी लेने पर उसके पास से 10 नशीली गोलियां बरामद हुई।

**थाना सिटी रायकोट और हठूर में भी घेराबंदी:** इसी अभियान के तहत पुलिस ने मनिंदर सिंह उर्फ काला (निवासी: गालिब कलां) को 07 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया। वहीं, हठूर क्षेत्र में पुलिस ने गुरमुख सिंह, परमिंदर सिंह और हरविंदर सिंह नामक तीन व्यक्तियों को 20 नशीली गोलियों के साथ पकड़ा।

## पुलिस प्रशासन का सख्त रुख

सभी आरोपियों के विरुद्ध संबंधित थानों में एनडीपीएस (NDPS) एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमे दर्ज किए गए हैं। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि नशा तस्करों के खिलाफ यह जंग अब और तेज होगी। पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ की जा रही है ताकि नशे के इस नेटवर्क के मुख्य सप्लायरों तक पहुँचा जा सके।


Uturn Time 10 June 2026_Layout 2 09-06-2026 23:28 Page 8



# इनफ्लुएंसर रफ्तार राय पर ब्लैकमेलिंग के आरोप, कारोबारी ने पुलिस में दी शिकायत

चंडीगढ़/यूटर्न/09 जून। सोशल मीडिया की बढ़ती पहुंच के बीच एक नया विवाद सामने आया है। चंडीगढ़ के सेक्टर-22 स्थित वाह प्रोडक्शन के संचालक लवप्रीत सिंह उर्फ हरमन ने सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर रफ्तार राय पर ब्लैकमेलिंग और बदनाम करने की धमकी देने के आरोप लगाए हैं। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है और मामले की जांच जारी है।





लवप्रीत सिंह उर्फ हरमन का आरोप है कि रफ्तार राय उनके नाम को विभिन्न इमिग्रेशन कंपनियों के साथ जोड़कर सोशल मीडिया पर उनकी छवि धूमिल करने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने दावा किया कि उनसे कथित तौर पर 50 हजार रुपये प्रतिमाह देने का दबाव बनाया जा रहा है और ऐसा न करने पर सोशल मीडिया के माध्यम से बदनाम करने की धमकियां दी जा रही हैं। हरमन के अनुसार पिछले कुछ समय से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर उनके खिलाफ पोस्ट और वीडियो साझा किए जा रहे हैं, जिनमें उनके नाम को कुछ इमिग्रेशन कंपनियों से जोड़कर प्रस्तुत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उनका किसी भी इमिग्रेशन कंपनी से कोई संबंध नहीं है और उनके खिलाफ लगाए जा रहे आरोप निराधार हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी तस्वीरों और नाम का इस्तेमाल कर भ्रामक वीडियो प्रसारित किए जा रहे हैं, जिससे उनकी कारोबारी छवि, व्यावसायिक संबंधों और सामाजिक प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंच रहा है।

### कारोबारी वर्ग में चर्चा का विषय बना मामला

मामला सामने आने के बाद स्थानीय कारोबारी वर्ग में भी इसकी चर्चा शुरू हो गई है। सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव के बीच विशेषज्ञों का कहना है कि किसी व्यक्ति या संस्था के खिलाफ बिना प्रमाण के आरोपों का प्रसार कानूनी विवाद का कारण बन सकता है। यदि किसी की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से झूठी या भ्रामक जानकारी प्रसारित की जाती है, तो मामला मानहानि और साइबर अपराध से जुड़े कानूनी प्रावधानों के दायरे में आ सकता है।

लवप्रीत सिंह उर्फ हरमन ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में पुलिस को लिखित शिकायत सौंप दी है। उनके अनुसार, शिकायत पर जांच प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# मानसून को लेकर नगर निगम अलर्ट: 18 फ्लड कंट्रोल टीमें और 7 कंट्रोल रूम बनाए, 24 घंटे मिलेगी सहायता

चंडीगढ़/यूटर्न/09 जून। आगामी मानसून सीजन को देखते हुए नगर निगम चंडीगढ़ (एमसीसी) ने जलभराव और बारिश से जुड़ी आपात स्थितियों से निपटने के लिए व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। नगर निगम आयुक्त अमित कुमार, आईएएस ने मंगलवार को मानसून तैयारियों की समीक्षा करते हुए बताया कि शहर में 18 विशेष फ्लड कंट्रोल टीमें गठित की गई हैं तथा 7 फ्लड एवं वाटर-लॉगिंग कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं।



नगर निगम के अनुसार ये व्यवस्थाएं 20 जून से 30 सितंबर 2026 तक प्रभावी रहेंगी। कंट्रोल रूम 24 घंटे संचालित होंगे और इनमें तीन शिफ्टों में कर्मचारियों की तैनाती की जाएगी ताकि जलभराव और अन्य आपात स्थितियों पर तुरंत कार्रवाई की जा सके।

### 24 घंटे सक्रिय रहेंगे कंट्रोल रूम

नगर निगम ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों के लिए सात कंट्रोल रूम बनाए हैं, जहां नागरिक जलभराव या अन्य समस्याओं की शिकायत दर्ज करा सकेंगे।

# अवैध कॉलोनियों पर निगम का बुलडोजर, दो निमार्णाधीन कॉलोनियां ध्वस्त

लुधियाना, 9 जून। नगर निगम ने अवैध निमार्णों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत जोन-बी क्षेत्र में विकसित की जा रही दो अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई करते हुए उन्हें ध्वस्त कर दिया। यह कार्रवाई नगर निगम कमिश्नर डॉ. नीरू कत्याल गुप्ता के निदेर्शो पर की गई।



नगर निगम की बिल्डिंग शाखा की टीम ने सुखदेव नगर तथा ओंकार विहार के पीछे त्रिकोणा पार्क के नजदीक निमार्णाधीन अवैध कॉलोनियों को मशीनों की सहायता से ढहा दिया। अधिकारियों के अनुसार संबंधित मालिकों को पहले भी कई बार चेतावनी दी गई थी, लेकिन इसके बावजूद अवैध निर्माण कार्य जारी रखा गया। सहायक टाउन प्लानर (एटीपी) जोन-बी निरवान ने बताया कि नियमों की अनदेखी कर विकसित की जा रही इन कॉलोनियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की गई है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी कॉलोनी में निवेश करने से पहले उसकी वैधता की जांच अवश्य कर लें। इसके लिए नगर निगम के संबंधित जोनल कार्यालयों से जानकारी प्राप्त की जा सकती है। नगर निगम अधिकारियों ने कहा कि भवन निर्माण शुरू करने से पहले भवन नक्शा निगम से स्वीकृत करवाना अनिवार्य है। बिना मंजूरी किए गए निर्माण कार्यों के खिलाफ भविष्य में भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## मैदान 2.0 अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई: 716 ग्राम चरस के साथ आरोपी गिरफ्तार, 5 दिन के पुलिस रिमांड पर



पंचकूला/यूटर्न/09 जून। जिले को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे 'मैदान 2.0' अभियान के तहत एंटी नारकोटिक सेल पंचकूला ने नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 716 ग्राम चरस के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान हर्षवर्धन नाहरवाल निवासी सेक्टर-24, पंचकूला के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ पहले भी नशा तस्करी से संबंधित मामला दर्ज है। एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज ने बताया कि 8 जून को एंटी नारकोटिक सेल को गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी सेक्टर-24 क्षेत्र में चरस की सप्लाई करता है और पार्क के समीप स्थित पार्किंग क्षेत्र में किसी व्यक्ति को नशीले पदार्थ की डिलीवरी देने आने वाला है। सूचना के आधार पर एंटी नारकोटिक सेल के प्रभारी प्रवीण कुमार के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। सिविल ड्रेस में तैनात पुलिस टीम ने मौके पर निगरानी की और योजनाबद्ध कार्रवाई करते हुए आरोपी को काबू कर लिया।



डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक अमरिंदर सिंह ने बताया कि तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 716 ग्राम चरस बरामद हुई। प्रारंभिक जांच में आरोपी के नशीले पदार्थों की सप्लाई से जुड़े होने के संकेत मिले हैं। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि बरामद चरस कहां से लाई गई थी और इसे किन लोगों तक पहुंचाया जाना था। इस संबंध में थाना चंडीमंदिर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को अदालत में पेश करने के बाद पांच दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। रिमांड अवधि के दौरान पुलिस नशा तस्करी के नेटवर्क, सप्लाई चेन और इसमें शामिल अन्य व्यक्तियों के बारे में गहन पूछताछ करेगी।

## मोबाइल विवाद ने लिया हिंसक रूप, युवक पर हमला कर किया लहूलुहान

जीरकपुर/यूटर्न/09 जून। गांव छत में मोबाइल फोन को लेकर शुरू हुआ विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। छीने गए मोबाइल की तलाश में पहुंचे एक युवक पर कथित तौर पर कई लोगों ने हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मामले में एक युवक को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार गांव छत निवासी अजय कुमार शाम के समय गांव की डिस्पेंसरी के पास मौजूद था। आरोप है कि इसी दौरान एक युवक उसका मोबाइल फोन लेकर फरार हो गया। काफी तलाश के बाद जब अजय आरोपी के संभावित ठिकाने पर पहुंचा और मोबाइल वापस मांगा, तो वहां माहौल तनावपूर्ण हो गया। पीड़ित का आरोप है कि मोबाइल लौटाने के बजाय वहां मौजूद लोगों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि उस पर किसी भारी वस्तु से हमला कर दिया गया। सिर पर गंभीर चोट लगने से अजय मौके पर ही घायल होकर गिर पड़ा। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार सिर पर गहरी चोट होने के कारण उसे निगरानी में रखा गया है। प्रारंभिक जांच में पुलिस इसे मोबाइल छीनने के बाद हुए विवाद और मारपीट का मामला मान रही है।

# लिफ्ट बंद, गंदगी से बेहाल फुटओवर ब्रिज; लोग सड़क पार करने को मजबूर

## करोड़ों की सुविधा बेकार, मेट्रो मॉल फुटओवर ब्रिज की लिफ्ट अब तक बंद

जीरकपुर/यूटर्न/09 जून। शहर में पैदल यात्रियों की सुरक्षा के लिए बनाए गए फुटओवर ब्रिज आज खुद उपेक्षा का शिकार होते नजर आ रहे हैं। मेट्रो मॉल के सामने स्थित फुटओवर ब्रिज पर लिफ्ट लगाए जाने के बावजूद उसे अब तक चालू नहीं किया जा सका है। वहीं पुल पर फैली गंदगी, बदबू और अवैध पोस्टरों के कारण लोगों को इसका उपयोग करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शहर में लंबे संघर्ष और लगातार उठती मांग के बाद दो फुटओवर ब्रिज बनाए गए थे। इनमें एक मेट्रो मॉल के सामने और दूसरा मैकडी चौक के पास स्थित है। हालांकि मेट्रो मॉल के सामने बने फुटओवर ब्रिज का कुछ लोग इस्तेमाल कर रहे हैं, लेकिन उचित रखरखाव और साफ-सफाई के अभाव में इसकी हालत लगातार खराब होती जा रही है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि फुटओवर ब्रिज पर कई जगह गंदगी जमा है, जिससे बदबू फैल रही है। इसके चलते बुजुर्गों, महिलाओं, बच्चों और अन्य राहगीरों को पुल का उपयोग करने में असुविधा होती है। लोगों का आरोप है कि सुरक्षा के लिए बनाए गए इस महत्वपूर्ण ढांचे की नियमित सफाई और निगरानी नहीं की जा रही। ब्रिज पर बुजुर्गों, दिव्यांगजनों और महिलाओं की सुविधा के लिए लिफ्ट भी लगाई गई है, लेकिन निर्माण पूरा होने के काफी समय बाद भी इसे शुरू नहीं किया जा सका है। बताया जा रहा है कि लिफ्ट को अब तक बिजली कनेक्शन नहीं मिला है। इसके कारण कई लोग फुटओवर ब्रिज का उपयोग करने की बजाय अपनी जान जोखिम में डालकर सीधे सड़क पार करने को मजबूर हैं। फुटओवर ब्रिज की सुंदरता भी अवैध पोस्टरों की वजह से प्रभावित हो रही है। जगह-जगह चिपकाए गए पोस्टरों से पुल की सूरत बिगड़ गई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि पोस्टर हटाकर नियमित सफाई और रखरखाव सुनिश्चित किया जाए।





हम किसी एडवरटाइजिंग कंपनी की तलाश में हैं, जो लिफ्टों का रखरखाव करने के साथ-साथ वहां एक कर्मचारी भी तैनात करे, ताकि लिफ्टों की सुरक्षा और निगरानी सुनिश्चित की जा सके। हमारी पूरी कोशिश है कि इन लिफ्टों को जल्द से जल्द चालू करवाया जाए।

— ऋषभ गोयल, अधिकारी, एनएचएआई

### २018 में उठी मांग, २0२3 में बना फुटओवर ब्रिज

मेट्रो मॉल के सामने फुटओवर ब्रिज बनाने की मांग वर्ष 2018 में वीआईपी रोड क्षेत्र के निवासियों ने उठाई थी। लगातार मांग और मीडिया में मुद्दा उठने के बाद प्रशासन ने वर्ष 2023 में शहर में दो फुटओवर ब्रिज बनाने का निर्णय लिया। स्थानीय लोगों की मांग एस्केलेटर युक्त आधुनिक फुटओवर ब्रिज की थी, लेकिन यहां सामान्य फुटओवर ब्रिज का निर्माण किया गया। सुविधा के लिए लिफ्ट तो लगाई गई, लेकिन वह आज तक चालू नहीं हो सकी। लोगों का कहना है कि फुटओवर ब्रिज के नीचे सड़क पार करने वालों को रोकने के लिए अब तक ग्रिल भी नहीं लगाई गई है। इसी कारण बड़ी संख्या में लोग सीधे हाईवे पार करते हैं, जिससे हादसों का खतरा बना रहता है। क्षेत्रवासियों ने सड़क के बीच ग्रिल लगाने, लिफ्ट जल्द शुरू करने और फुटओवर ब्रिज की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने की मांग की है।

# शहजाद भट्टी से जुड़े टेरर-गैंगस्टर नेटवर्क पर एनआईए की बड़ी कार्रवाई, पंजाब-हरियाणा में 18 ठिकानों पर छापेमारी




चंडीगढ़/यूटर्न/09 जून। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने पाकिस्तान में बैठे कथित आतंकवादी और गैंगस्टर शहजाद भट्टी से जुड़े टेरर-गैंगस्टर नेटवर्क के खिलाफ मंगलवार को पंजाब और हरियाणा में बड़े स्तर पर कार्रवाई की। एजेंसी की टीमों ने दोनों राज्यों के नौ जिलों में 18 स्थानों पर एक साथ तलाशी अभियान चलाया और कई संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की। एनआईए के अनुसार कार्रवाई के दौरान डिजिटल उपकरण, दस्तावेज और अन्य महत्वपूर्ण सामग्री जब्त की गई है। साथ ही संदिग्धों की गतिविधियों, संचार नेटवर्क और वित्तीय लेन-देन से संबंधित जानकारी भी एकत्र की गई है। जब्त किए गए इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और दस्तावेजों को फॉरेंसिक एवं तकनीकी जांच के लिए भेजा गया है। एजेंसी की जांच तीन अलग-अलग मामलों से जुड़ी है, जिनमें पंजाब और हरियाणा में हुए ग्रेनेड एवं विस्फोटक हमलों की साजिशों की जांच शामिल है। एनआईए का मानना है कि इन मामलों के तार पाकिस्तान से संचालित नेटवर्क से जुड़े हो सकते हैं। इसी कड़ी में कुछ लोगों को आगे की पूछताछ के लिए जांच में शामिल होने के नोटिस भी जारी किए गए हैं।

जांच में अब तक सामने आया है कि मार्च 2025 में जालंधर स्थित सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर रोजर संधू के घर पर हुए ग्रेनेड हमले के मामले में शहजाद भट्टी का नाम सामने आया था। इसके बाद अप्रैल 2026 में एनआईए ने उसे भगोड़ा घोषित करते हुए मामले में चार्जशीट दाखिल की थी। एजेंसी की जांच में हरियाणा के सिरसा महिला पुलिस स्टेशन और अंबाला के बलदेव नगर पुलिस स्टेशन से जुड़े विस्फोट मामलों में भी भट्टी के नेटवर्क की भूमिका की जांच की जा रही है। एनआईए का कहना है कि सीमा पार से संचालित आतंकी और आपराधिक नेटवर्क की पूरी संरचना, सहयोगियों और वित्तीय स्रोतों का पता लगाने के लिए जांच जारी है। एजेंसी सभी उपलब्ध साक्ष्यों का विश्लेषण कर रही है और आने वाले दिनों में इस मामले में और खुलासे होने की संभावना है।

# मुख्य सूचना आयुक्त टीवीएसएन प्रसाद को हाईकोर्ट से राहत, 31 लाख रुपये की वसूली पर लगाई रोक

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/09 जून। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने हरियाणा के मुख्य सूचना आयुक्त (सीआईसी) और पूर्व मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद को बड़ी राहत देते हुए चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा जारी 31.13 लाख रुपये के दंडात्मक किराये (पीनल रेंट) की वसूली पर अंतरिम रोक लगा दी है। अदालत ने मामले में चंडीगढ़ प्रशासन को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। मामला सेक्टर-16 स्थित सरकारी आवास से जुड़ा है। टीवीएसएन प्रसाद 31 अक्टूबर 2024 को हरियाणा के मुख्य सचिव पद से सेवानिवृत्त हुए थे। नियमों के अनुसार उन्हें फरवरी 2025 तक सरकारी आवास में रहने की अनुमति थी। इसके बाद 23 मई 2025 को उनकी नियुक्ति हरियाणा के मुख्य सूचना आयुक्त के रूप में हुई।

प्रसाद ने नई नियुक्ति के बाद उसी सरकारी आवास को दोबारा आवंटित करने के लिए आवेदन किया था। उनकी ओर से दायर याचिका में कहा गया है कि प्रशासन ने उनके आवेदन पर समय रहते फैसला नहीं लिया और कई महीनों तक मामला लंबित रखा। अंततः 24 फरवरी 2026 को उन्हें उसी आवास में रहने की अनुमति प्रदान कर दी गई।




### हाईकोर्ट ने माना मामला विचारणीय

प्रारंभिक सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने पाया कि याचिकाकर्ता द्वारा उठाए गए मुद्दे गंभीर और विचारणीय हैं। अदालत ने इसी आधार पर फिलहाल वसूली प्रक्रिया पर रोक लगा दी और चंडीगढ़ प्रशासन से मामले पर विस्तृत जवाब मांगा है। इस आदेश के बाद टीवीएसएन प्रसाद को तत्काल राहत मिल गई है। अब मामले की अगली सुनवाई अगस्त में होगी, जहां हाईकोर्ट प्रशासन के जवाब और दोनों पक्षों की दलीलों पर विस्तार से सुनवाई करेगा। कानूनी विशेषज्ञों का मानना है कि यह मामला सरकारी आवासों के पुन: आवंटन, प्रशासनिक देरी और पीनल रेंट की वसूली से जुड़े नियमों की व्याख्या के लिहाज से महत्वपूर्ण साबित हो सकता है।

### प्रशासनिक देरी का खामियाजा क्यों भुगतें: प्रसाद

याचिका में प्रसाद ने तर्क दिया कि आवास आवंटन संबंधी निर्णय में हुई देरी पूरी तरह प्रशासनिक स्तर पर थी। ऐसे में उन्हें उस अवधि के लिए दंडात्मक किराया और ब्याज भरने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्य सूचना आयुक्त के पद पर नियुक्त होने के कारण वह सरकारी आवास के पात्र थे और पूर्व से चली आ रही नीतियां भी इसका समर्थन करती हैं। याचिका के अनुसार उन्होंने 25 मई 2025 तक की अवधि के लिए 3.22 लाख रुपये का पीनल रेंट पहले ही जमा करा दिया था। इसके बावजूद प्रशासन ने मई 2025 से फरवरी 2026 तक की अवधि के लिए 31.13 लाख रुपये की अतिरिक्त वसूली का नोटिस जारी कर दिया।

# हाईवे किनारे खुलेआम नशा कर रही महिला गिरफ्तार

जीरकपुर/यूटर्न/09 जून। नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत जीरकपुर पुलिस ने सेफ पंजाब पोर्टल पर मिली शिकायत के आधार पर एक महिला को सार्वजनिक स्थान पर नशा करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सेफ पंजाब पोर्टल पर शिकायत मिली थी कि लोहगढ़ क्षेत्र की रहने वाली एक महिला नशे की आदी है और अंबाला-चंडीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित होप अप क्षेत्र के पास खुलेआम नशा कर रही है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची।

मौके पर पहुंचने पर पुलिस ने महिला को संदिग्ध परिस्थितियों में नशा करते पाया। महिला पुलिस कर्मियों की मौजूदगी में उसे हिरासत में लिया गया और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई। प्रारंभिक जांच के बाद आरोपी महिला के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत प्राप्त हर शिकायत पर त्वरित कार्रवाई की जा रही है। सेफ पंजाब पोर्टल के माध्यम से आम लोग भी गुप्त रूप से नशे से संबंधित जानकारी साझा कर सकते हैं। जीरकपुर पुलिस ने लोगों से अपील की है कि यदि उनके आसपास कहीं भी नशे की गतिविधियां दिखाई दें तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस या सेफ पंजाब पोर्टल पर दें, ताकि समाज को नशामुक्त बनाने के प्रयासों को और मजबूत किया जा सके।

# बिटुमेन की कमी से सड़क री-कारपेटिंग कार्य प्रभावित, मेयर सौरभ जोशी ने बुलाई आपात समीक्षा बैठक

चंडीगढ़/यूटर्न/09 जून। शहर में चल रहे सड़क री-कारपेटिंग कार्यों की धीमी प्रगति पर गंभीर चिंता जताते हुए चंडीगढ़ के मेयर सौरभ जोशी ने मंगलवार को नगर निगम के इंजीनियरिंग विंग और कार्य निष्पादित करने वाली एजेंसियों के प्रतिनिधियों के साथ आपात समीक्षा बैठक की। बैठक में नगर निगम के मुख्य अभियंता संजय अरोड़ा, अधीक्षण अभियंता (बी एंड आर) धर्मेंद्र शर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



समीक्षा बैठक के दौरान ठेकेदारों ने मेयर को बताया कि बाजार में बिटुमेन की उपलब्धता नहीं होने के कारण सड़क री-कारपेटिंग कार्यों की गति प्रभावित हुई है। बिटुमेन की कमी से आपूर्ति श्रृंखला बाधित हुई है, जिससे शहर में चल रही कई परियोजनाओं के कार्य धीमे पड़ गए हैं। स्थिति को गंभीरता से लेते हुए मेयर सौरभ जोशी ने अधिकारियों और ठेकेदारों को निर्देश दिए कि बिटुमेन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सभी संभावित विकल्पों की तलाश की जाए और विकास कार्यों में किसी प्रकार का व्यवधान न आने दिया जाए। उन्होंने कहा कि आपूर्ति संबंधी समस्याओं के कारण लोगों को लंबे समय तक असुविधा नहीं होनी चाहिए।

मेयर ने इंजीनियरिंग विंग को बिटुमेन की उपलब्धता पर लगातार नजर रखने और ठेकेदारों के साथ समन्वय बनाकर कार्यों में आ रही बाधाओं को दूर करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने लंबित परियोजनाओं को तेजी से पूरा करने के लिए नियमित प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने को भी कहा। बैठक के दौरान मेयर ने कहा, 'चंडीगढ़ के नागरिकों को आपूर्ति संबंधी चुनौतियों का खामियाजा नहीं भुगतना चाहिए। सभी संबंधित एजेंसियां आपसी तालमेल के साथ काम करें और सड़क री-कारपेटिंग कार्यों की गति बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास करें। नागरिकों की सुविधा और गुणवत्तापूर्ण बुनियादी ढांचा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।' उन्होंने ठेकेदारों को निर्देश दिए कि बिटुमेन की कमी से हुई देरी की भरपाई के लिए आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त संसाधन जुटाए जाएं, ताकि निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूरे किए जा सकें। मेयर सौरभ जोशी ने कहा कि नगर निगम शहर की सड़क अवसंरचना को मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और विकास कार्यों की समयबद्ध पूर्ति सुनिश्चित करने के लिए स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

# गौवंश कल्याण समिति की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा, नगर निगम के प्रयासों की सराहना

चंडीगढ़/यूटर्न/09 जून। चंडीगढ़ में गौवंश के कल्याण, संरक्षण और प्रभावी प्रबंधन को लेकर मंगलवार को गौवंश कल्याण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नगर निगम आयुक्त अमित कुमार, आईएएस ने की। बैठक में विशेष आयुक्त प्रदीप कुमार, आईएएस, संयुक्त आयुक्त बलबीर राज सिंह, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक, नगर निगम के विधि अधिकारी, नगर निगम और चंडीगढ़ प्रशासन के इंजीनियरिंग विभाग के प्रतिनिधियों सहित समिति के चार नामित सदस्य उपस्थित रहे।




बैठक के दौरान शहर में गौवंश के कल्याण, संरक्षण और प्रबंधन से जुड़े विभिन्न मुद्दों की समीक्षा की गई। समिति के नामित सदस्यों ने चर्चा में सक्रिय भागीदारी करते हुए मौजूदा व्यवस्थाओं को और मजबूत बनाने तथा गौवंश के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने संबंधी कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

बैठक में उठाए गए सभी मुद्दों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। इसके बाद संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए ताकि विभिन्न मामलों में समयबद्ध और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। समिति के सदस्यों ने चंडीगढ़ नगर निगम द्वारा गौवंश के कल्याण के लिए किए जा रहे कार्यों पर संतोष व्यक्त किया और शहर में गौवंश संरक्षण एवं देखभाल के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। बैठक के अंत में समिति ने गौवंश के कल्याण, संरक्षण और उचित प्रबंधन के लिए सभी संबंधित पक्षों के साथ मिलकर कार्य करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। साथ ही भविष्य में भी इस दिशा में निरंतर प्रयास जारी रखने का आश्वासन दिया गया।

# कालका में 1 किलो 45 ग्राम गांजा सहित बिहार निवासी युवक गिरफ्तार, दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया

अजीत झा

पंचकूला/यूटर्न/09 जून। पंचकुला में नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पंचकूला पुलिस की क्राइम ब्रांच सेक्टर-19 ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कालका क्षेत्र से एक युवक को 1 किलो 45 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी बिहार का रहने वाला है और कालका में किराये पर रहकर पेंटिंग का काम करता था। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया है। पुलिस के अनुसार 8 जून को क्राइम ब्रांच सेक्टर-19 की टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि एक युवक, जो मूल रूप से बिहार का निवासी है और वर्तमान में कालका में किराये पर रहता है, गांजे की अवैध बिक्री में संलिप्त है। सूचना के मुताबिक वह मील चुंगी स्थित वॉलीबॉल ग्राउंड के पास किसी व्यक्ति को नशीला पदार्थ सप्लाई करने के लिए मौजूद था। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और संदिग्ध युवक को काबू कर लिया। पूछताछ के दौरान उसकी पहचान वरुण कुमार (24) निवासी जिला सहरसा, बिहार, हाल निवासी कालका के रूप में हुई। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 1 किलो 45 ग्राम गांजा बरामद किया गया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।



## मुख्य सप्लायर की तलाश में जुटी पुलिस

डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक अमरिंदर सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना कालका में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी से कुछ महत्वपूर्ण जानकारियां मिली हैं, जिनके आधार पर पुलिस अब मुख्य सप्लायर और नशा तस्करी से जुड़े नेटवर्क की तलाश कर रही है। उन्होंने बताया कि जांच में यह भी पता लगाया जा रहा है कि आरोपी कालका और पंचकूला क्षेत्र में किस स्तर तक नशीले पदार्थों की सप्लाई कर रहा था और उसके नेटवर्क में अन्य कौन-कौन लोग शामिल हैं।

# खादी एवं ग्रामोद्योग को मजबूत बनाने पर जोर, यूटी गेस्ट हाउस में हुई महत्वपूर्ण बैठक

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/09 जून। खादी एवं ग्रामोद्योग क्षेत्र को सशक्त बनाने और रोजगार के नए अवसर सृजित करने के उद्देश्य से मंगलवार को यूटी गेस्ट हाउस में खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के चेयरमैन सरदार दीदार सिंह ने की। बैठक में खादी एवं ग्रामोद्योग के विकास, स्वरोजगार को बढ़ावा देने, ग्रामीण उद्योगों को प्रोत्साहित करने तथा कारीगरों और उद्यमियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान खादी क्षेत्र को नई दिशा देने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव भी सामने आए। बैठक को संबोधित करते हुए चेयरमैन दीदार सिंह ने कहा कि खादी केवल एक उत्पाद नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत और ग्रामीण विकास का प्रतीक है। उन्होंने अधिकारियों और बोर्ड सदस्यों से कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक कारीगरों, बुनकरों और ग्रामीण उद्यमियों तक पहुंचाया जाए, ताकि रोजगार और स्वरोजगार के अवसर बढ़ सकें। इस अवसर पर सदस्य सचिव प्रद्युमन सिंह, एचसीएस ने विभिन्न योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि खादी एवं ग्रामोद्योग क्षेत्र युवाओं और महिलाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा कर रहा है तथा इस क्षेत्र को और अधिक मजबूत बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। बैठक में खादी उत्पादों के प्रचार-प्रसार, ग्रामीण उद्योगों के विस्तार, नए उद्यम स्थापित करने और रोजगार के अवसर बढ़ाने को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बोर्ड सदस्यों ने भी अपने सुझाव देते हुए कहा कि खादी एवं ग्रामोद्योग को आधुनिक तकनीक और बेहतर विपणन सुविधाओं से जोड़कर अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है।



बैठक में बोर्ड सदस्य पवन शर्मा, लीलाधर स्वामी, कुलबीर सिंह सहित अन्य सदस्य और अधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने खादी एवं ग्रामोद्योग के माध्यम से ग्रामीण विकास को गति देने और रोजगार के अवसरों में वृद्धि के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने का संकल्प लिया। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। इस दौरान खादी एवं ग्रामोद्योग को और अधिक सशक्त, रोजगारोन्मुखी तथा जनहितकारी बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णयों पर सहमति भी बनी।

Uturn Time 10 June 2026_Layout 2 09-06-2026 23:28 Page 11



# लोगों की बिजली शिकायतों का प्राथमिकता से निपटारा हो: विधायक कुलजीत रंधावा

जीरकपुर/यूटर्न/09 जून। बढ़ती गर्मी और बिजली की बढ़ती मांग के बीच डेराबस्सी के विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने जीरकपुर स्थित बिजली विभाग के सब-डिविजन कार्यालय में अधिकारियों, नव-निर्वाचित नगर पार्षदों और वार्ड इंचार्जों के साथ समीक्षा बैठक की।



बैठक में शहर और आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं तथा उनके त्वरित समाधान पर विस्तार से चर्चा की गई। विधायक रंधावा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बिजली कटौती, लो-वोल्टेज, ट्रांसफार्मर खराब होने और अन्य तकनीकी खामियों से संबंधित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा किया जाए। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में लोगों को निर्बाध और सुचारु बिजली आपूर्ति उपलब्ध करवाना पंजाब सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है।

उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों को फील्ड स्टाफ को पूरी तरह सक्रिय रखने और किसी भी क्षेत्र से शिकायत मिलने पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। रंधावा ने कहा कि छोटी तकनीकी समस्याओं को भी गंभीरता से लिया जाए ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। बैठक के दौरान नव-निर्वाचित पार्षदों और वार्ड इंचार्जों ने अपने-अपने क्षेत्रों में आ रही बिजली संबंधी समस्याओं, लो-वोल्टेज, ट्रिपिंग और ट्रांसफार्मरों पर बढ़ते लोड के मुद्दों को उठाया। अधिकारियों ने इन समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने का भरोसा दिया।

विधायक रंधावा ने कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाना राज्य सरकार की प्रतिबद्धता है। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जनहित से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा शिकायतों के निस्तारण की नियमित निगरानी की जाएगी।

# तीन दिन बाद भी नहीं मिले पांच नाबालिग, हरियाणा में दिखे लेकिन पुलिस को देखकर भागे

## डेराबस्सी के बेहड़ा गांव से लापता बच्चों की तलाश में कई राज्यों में छापेमारी

डेराबस्सी/यूटर्न/09 जून। डेराबस्सी के गांव बेहड़ा से रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हुए पांच नाबालिग बच्चों का मामला लगातार उलझता जा रहा है। तीन दिन बीत जाने के बावजूद बच्चों का कोई सुराग नहीं लग पाया है। हालांकि जांच के दौरान बच्चों के हरियाणा के एक गांव में देखे जाने की सूचना मिली, लेकिन पुलिस और परिजनों को देखकर वे मौके से फरार हो गए।

जानकारी के अनुसार 6 जून की रात गांव बेहड़ा के चार अलग-अलग परिवारों के पांच नाबालिग बच्चे अचानक घरों से गायब हो गए थे। इनमें दो बच्चियां और तीन किशोर शामिल हैं। सभी परिवार प्रवासी मजदूर वर्ग से संबंधित हैं और दिहाड़ी मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं। बच्चों के एक साथ गायब होने से पूरे गांव में चिंता और दहशत का माहौल बना हुआ है।

पुलिस जांच में सामने आया है कि बच्चों में से एक किशोर अपने साथ मोटरसाइकिल और मोबाइल फोन भी ले गया था। इसी आधार पर पुलिस ने तकनीकी जांच शुरू की और संभावित ठिकानों पर दबिश दी। जांच के दौरान पुलिस टीम हरियाणा के गांव जटवाड़ पहुंची, जहां कुछ बच्चों को मोटरसाइकिल पर घूमते हुए देखा गया। लेकिन पुलिस और परिजनों को देखते ही वे वहां से निकल गए।

पुलिस का मानना है कि शुरूआती जांच में अपहरण जैसी कोई बात सामने नहीं आई है और बच्चे संभवत: किसी नाराजगी या व्यक्तिगत कारण से घर छोड़कर गए हैं। फिर भी पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुमित मोर ने बताया कि एएसआई मलकीत सिंह के नेतृत्व में विशेष टीम बच्चों की तलाश में लगातार जुटी हुई है। मोबाइल लोकेशन, रिश्तेदारों और संभावित ठिकानों की जांच की जा रही है। पुलिस ने उम्मीद जताई है कि बच्चों को जल्द सुरक्षित बरामद कर लिया जाएगा। वहीं, बच्चों के परिजन लगातार उनकी तलाश में पुलिस के साथ विभिन्न इलाकों में जा रहे हैं और जल्द से जल्द उनके सकुशल लौटने की प्रार्थना कर रहे हैं।

# समर वेकेशन में ट्रेनों पर बढ़ा दबाव, चंडीगढ़ से चलने वाली लंबी दूरी की गाड़ियों में लंबी वेटिंग

चंडीगढ़। गर्मी की छुट्टियों के चलते चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन से उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, गुजरात, झारखंड और राजस्थान जाने वाली ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ लगातार बढ़ रही है। स्थिति यह है कि अधिकांश लंबी दूरी की ट्रेनों में अगले कई सप्ताह तक सीटें उपलब्ध नहीं हैं और स्लीपर व एसी दोनों श्रेणियों में लंबी वेटिंग चल रही है।



रेलवे बुकिंग आंकड़ों के अनुसार कई ट्रेनों के स्लीपर कोच में वेटिंग 100 से अधिक पहुंच चुकी है, जबकि एसी श्रेणियों में भी यात्रियों को कन्फर्म टिकट मिलने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। तत्काल कोटा खुलते ही कुछ मिनटों में सीटें भर जाने से अंतिम समय में यात्रा की योजना बनाने वाले यात्रियों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि छुट्टियों के दौरान बड़ी संख्या में लोग अपने गृह राज्यों की ओर लौट रहे हैं, जबकि कई परिवार पर्यटन स्थलों की यात्रा पर भी निकल रहे हैं। इसी वजह से ट्रेनों में मांग सामान्य दिनों की तुलना में काफी बढ़ गई है। दूसरी ओर हवाई यात्रा के बढ़े किरायों के कारण भी अधिकतर यात्री रेल यात्रा को प्राथमिकता दे रहे हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने चंडीगढ़ से वाराणसी, धनबाद और पटना के लिए विशेष ट्रेनें भी चलाई हैं। इन ट्रेनों में फिलहाल सीटों की उपलब्धता अपेक्षाकृत बेहतर है। रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि वे यात्रा की योजना पहले से बनाएं और नियमित ट्रेनों के साथ-साथ स्पेशल ट्रेनों के विकल्प भी जांचें, ताकि टिकट संबंधी परेशानी से बचा जा सके।

# हाईवे किनारे अवैध देशी कट्टे के साथ युवक गिरफ्तार, हथियार सप्लाई नेटवर्क की जांच में जुटी पुलिस

पंचकूला/यूटर्न/09 जून। जिले में अपराध और अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पंचकूला पुलिस की क्राइम ब्रांच सेक्टर-26 ने एक युवक को अवैध देशी कट्टे सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास हथियार रखने का कोई वैध लाइसेंस या दस्तावेज नहीं मिला। पुलिस के अनुसार 8 जून को क्राइम ब्रांच सेक्टर-26 की टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि संजीव राजपूत उर्फ संजू निवासी करनाल, जो वर्तमान में बरवाला क्षेत्र में रह रहा है, अपने पास अवैध देशी कट्टा रखता है। सूचना के मुताबिक वह पंचकूला-यमुनानगर हाईवे से सेक्टर-21 की ओर जाने वाले मार्ग पर संदिग्ध अवस्था में मौजूद था। सूचना मिलते ही क्राइम ब्रांच की टीम ने इंस्पेक्टर दलीप सिंह के नेतृत्व में मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और संदिग्ध युवक को काबू कर लिया। पूछताछ के दौरान उसकी पहचान 21 वर्षीय संजीव राजपूत उर्फ संजू के रूप में हुई। तलाशी के दौरान आरोपी की पैंट की बाईं जेब से एक अवैध देशी कट्टा बरामद किया गया। पुलिस द्वारा पूछे जाने पर आरोपी हथियार रखने संबंधी कोई लाइसेंस या वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका।

### आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज

डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक अमरिंदर सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना चंडीमंदिर में आर्म्स एक्ट की धारा 25(1)(बी) के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तारी के बाद आरोपी से गहन पूछताछ की गई है। पुलिस अब यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आरोपी ने हथियार कहां से खरीदा और इसके पीछे कोई संगठित सप्लाई नेटवर्क तो सक्रिय नहीं है। मामले में अन्य संभावित आरोपियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पंचकूला पुलिस का कहना है कि जिले में अवैध हथियार रखने वालों और अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा तथा कानून व्यवस्था को चुनौती देने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# श्रुति हासन की फिर चर्चा




अभिनेत्री श्रुति हासन एक बार फिर अपने ग्लैमरस अंदाज को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में सोशल मीडिया पर साझा की गई उनकी नई तस्वीरों ने फैंस का ध्यान खींच लिया है। उनके स्टाइल और फैशन सेंस की जमकर तारीफ हो रही है। बॉलीवुड गलियारों में भी उनके आगामी प्रोजेक्ट्स को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। फैंस अब उनकी अगली फिल्म की आधिकारिक घोषणा का इंतजार कर रहे हैं।

# पीओके में पाकिस्तान के खिलाफ गुस्सा फूटा, गोलीबारी में 30 से ज्यादा मौत, 200 घायल

चंडीगढ़/यूटर्न/9 जून। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच झड़प में 30 से ज्यादा लोग मारे गए और लगभग 200 लोग घायल हो गए। यह झड़प तब हुई जब अधिकारियों ने 'जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी' (जेएएसी) पर प्रतिबंध लगा दिया। जेएएसी एक प्रमुख नागरिक समाज संगठन है जिसने इस क्षेत्र में आर्थिक और राजनीतिक शिकायतों को लेकर विरोध प्रदर्शनों का नेतृत्व किया है। अधिकारियों ने पिछले हफ़्ते सार्वजनिक व्यवस्था और सुरक्षा को लेकर चिंताओं का हवाला देते हुए जेएएसी को प्रतिबंधित कर दिया था। रविवार को रावलकोट शहर में तनाव बढ़ने के बाद झड़पें हुईं। यह तनाव एक व्यापारी की मौत के बाद बढ़ा, जिसे कथित तौर पर शुक्रवार रात सुरक्षा बलों के साथ टकराव के दौरान गोली मार दी गई थी। रावलकोट के शीर्ष नागरिक अधिकारी, कमिश्नर सरदार वहीद खान ने समाचार एजेंसी रॉयटर्स को बताया कि जेएएसी के समर्थक अस्पताल के मुर्दाघर के बाहर जमा हुए थे, जहाँ पुलिस की फायरिंग में मौत के बाद व्यापारी का शव ले जाया गया था।



## जेएएसी द्वारा नियोजित विरोध प्रदर्शनों से पहले घटना

ये झड़पें जेएएसी द्वारा नियोजित विरोध प्रदर्शनों से एक दिन पहले हुईं। जेएएसी ने 27 जुलाई को होने वाले चुनाव में क्षेत्र की विधानसभा की 45 सीटों में से शरणार्थियों के लिए 12 सीटें आरक्षित करने के विरोध में प्रदर्शन का आह्वान किया था। यह समूह हिंसा की पिछली घटनाओं, इंटरनेट बंद करने, समूह पर प्रतिबंध लगाने के साथ-साथ बिजली की कमी, महंगाई, बेरोजगारी, कथित संसाधनों के दोहन और राजनीतिक रूप से हाशिए पर धकेले जाने जैसे मुद्दों का भी विरोध कर रहा था।

## सुरक्षा बलों ने किया प्रयास

उन्होंने कहा कि जब सुरक्षा बलों ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने की कोशिश की, तो समूह के कार्यकताओं ने उन पर ऑटोमैटिक राइफल, पेट्रोल बम और अन्य हथियारों से हमला किया। खान ने कहा, ₹सुरक्षा बलों की जवाबी कार्रवाई में छह प्रदर्शनकारी मारे गए।₹ उन्होंने इस ऑपरेशन के दौरान कई गिरफ्तारियों की भी पुष्टि की। हालाँकि, स्थानीय निवासियों और जेएएसी समर्थकों ने आधिकारिक बयान पर सवाल उठाए हैं और दावा किया है कि आम नागरिकों के हताहत होने की संख्या इससे कहीं ज्यादा थी।

## जायाज मांगों पर कर रहे प्रदर्शन

जेएएसी के सदस्यों ने उन्हें ₹आतंकी₹ समूह घोषित किए जाने को ₹दमन₹ करार दिया है और कहा है कि वे जायज आर्थिक और राजनीतिक अधिकारों के लिए प्रदर्शन कर रहे हैं। हाल के वर्षों में, संगठन ने हिंसक विरोध प्रदर्शन किए हैं। पाकिस्तान के मानवाधिकार आयोग (ऌफ्छ्ढ) ने तथाकथित क्षेत्रीय सरकार के उस फैसले पर गंभीर चिंता जताई है, जिसके तहत 'जॉइंट अवामी एक्शन कमिटी' (जेएएसी) को आतंकवाद-रोधी कानून के तहत प्रतिबंधित कर दिया गया है। सोमवार को जारी एक बयान में, ऌफ्छ्ढ ने जरूरत से ज्यादा बल प्रयोग, आम नागरिकों और सुरक्षाकर्मियों की मौत, और संचार व्यवस्था ठप करने की कड़ी निंदा की।

# उत्तर प्रदेश के कानपुर में सास ने दामाद से शादी की; वायरल वीडियो पर ऑनलाइन बहस छिड़ी



चंडीगढ़/यूटर्न/9 जून। उत्तर प्रदेश के कानपुर में एक अनोखी शादी ने सबका ध्यान खींचा है। एक वीडियो ऑनलाइन सामने आया और सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसमें कथित तौर पर एक व्यक्ति अपनी सास से शादी करता दिख रहा है। अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर बड़े पैमाने पर शेयर किए गए इस वीडियो में यह जोड़ा एक-दूसरे को माला पहनाते और अपनी कोर्ट मैरिज का सर्टिफिकेट दिखाते हुए नजर आ रहा है। इस वीडियो ने ऑनलाइन लोगों की प्रतिक्रियाओं का दौर शुरू कर दिया है; लोग हैरानी जता रहे हैं और इस अनोखे रिश्ते पर बहस कर रहे हैं। यह घटना स्थानीय लोगों के बीच भी चर्चा का विषय बन गई है। सोशल मीडिया पर चल रही कई रिपोर्टों में दावा किया गया है कि शादी से पहले यह व्यक्ति और उसकी सास लंबे समय से संपर्क में थे। हालांकि, इन दावों की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

## पुलिस को नहीं मिली शिकायत

अधिकारियों ने अब तक इस मामले में किसी कानूनी शिकायत की सूचना नहीं दी है। जैसे-जैसे यह वीडियो ऑनलाइन ट्रेंड कर रहा है, इस अनोखी शादी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लोगों में उत्सुकता और जोरदार बहस छेड़ दी है। इस घटना ने बदलते सामाजिक मानदंडों और निजी पारिवारिक मामलों को सार्वजनिक चर्चा का विषय बनाने में सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव पर भी बातचीत को फिर से हवा दी है।

## कुछ लोग कर रहे आलोचना

कुछ यूजर्स ने इस रिश्ते को सामाजिक रूप से अजीब बताकर इसकी आलोचना की, तो वहीं दूसरों का तर्क था कि आपसी सहमति से शादी करने वाले बालिग लोगों की निजी पसंद उनका अपना मामला होना चाहिए। वीडियो के वायरल होने से कई तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं, हालांकि शादी से जुड़ी परिस्थितियों के बारे में कई विवरण अभी भी स्पष्ट नहीं हैं। न तो जोड़े और न ही उनके रिश्तेदारों ने इन रिपोर्टों के बारे में कोई सार्वजनिक बयान जारी किया है, और अधिकारियों ने भी कोई औपचारिक शिकायत न होने की पुष्टि करने के अलावा इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

# गौवंश कल्याण समिति की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा, नगर निगम के प्रयासों की सराहना

चंडीगढ़/यूटर्न/09 जून। चंडीगढ़ में गौवंश के कल्याण, संरक्षण और प्रभावी प्रबंधन को लेकर मंगलवार को गौवंश कल्याण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नगर निगम आयुक्त अमित कुमार, आईएएस ने की। बैठक में विशेष आयुक्त प्रदीप कुमार, आईएएस, संयुक्त आयुक्त बलबीर राज सिंह, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक, नगर निगम के विधि



अधिकारी, नगर निगम और चंडीगढ़ प्रशासन के इंजीनियरिंग विभाग के प्रतिनिधियों सहित समिति के चार नामित सदस्य उपस्थित रहे।

# बढ़ी तपिश: पारा 41 डिग्री सेल्सियस पहुंचा, दो दिन हैं भारी; 11 से चलेंगी राहत भरी हवाएं

चंडीगढ़/यूटर्न/09 जून। चंडीगढ़ में मौसम का मिजाज तेजी से बदल रहा है। पिछले 24 घंटों में चंडीगढ़ का अधिकतम तापमान 41.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से 2.2 डिग्री सेल्सियस अधिक है। पंजाब के श्री आनंदपुर साहिब में पारा 44.5 डिग्री सेल्सियस और हरियाणा के रोहतक में रिकॉर्ड 45.2 डिग्री सेल्सियस



तक पहुंच चुका है। इसकी वजह से मैदानी इलाकों में भीषण लू का प्रकोप बना हुआ है। हालांकि चंडीगढ़ का न्यूनतम तापमान 25.8 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 1 डिग्री सेल्सियस कम है। मौसम विभाग के अनुसार पड़ोसी राज्यों के तापमान का असर भी चंडीगढ़ के तापमान पर पड़ता है। मसलन, रोहतक और श्री आनंदपुर साहिब में भीषण लू का सीधा असर चंडीगढ़ के वायुमंडल पर पड़ रहा है।

# UK में हत्या के बाद कृपाण रखने के अधिकार पर सवाल; सिख अपने धार्मिक अधिकार के लिए लड़ रहे

चंडीगढ़/यूटर्न/9 जून। दिसंबर 2025 में 23 साल के विक्रम डिगवा द्वारा ब्रिटिश-पोलिश किशोर हेनरी नोवाक को चाकू मारने की घटना के बाद, यूनाइटेड किंगडम में सिख समुदाय को कृपाण रखने को लेकर बढ़ते विरोध और जांच का सामना करना पड़ रहा है। यह बहस तब और तेज हो गई जब मई में एक सिख युवक डिगवा को उम्रकैद की सजा सुनाई गई। वङ में सिख नेता, राजनेता और समुदाय के संगठन इस बात पर जोर दे रहे हैं कि जनता का गुस्सा गलत दिशा में जा रहा है और वे अपने धार्मिक अधिकारों की रक्षा के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं। विवाद का मुख्य मुद्दा कृपाण है, जो दीक्षित सिखों द्वारा 'पांच क' (या पांच ककार) के हिस्से के तौर पर रखी जाने वाली एक धार्मिक तलवार है। जहां देश के कुछ एक्टिविस्ट ने नोवाक की हत्या के बाद कृपाण पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है, वहीं सिख समूहों का तर्क है कि किशोर की हत्या धार्मिक कृपाण से नहीं, बल्कि एक अलग और बड़ी छुरी से की गई थी जिसे डिगवा अपने साथ रखे हुए था।



**बहस का केंद्र बना...** यह अंतर धार्मिक स्वतंत्रता, सार्वजनिक सुरक्षा, चाकू से होने वाले अपराध और ब्रिटिश कानून के तहत सिखों को मिली कानूनी छूट पर चल रही व्यापक बहस का केंद्र बन गया है। मई में डिगवा को दोषी ठहराए जाने के बाद के दिनों में, सिख संगठनों ने पूरे UK में समुदाय के सदस्यों के प्रति दुश्मनी में तेजी से बढ़ोतरी की बात कही है। समुदाय के नेताओं का कहना है कि कम से कम 15 सिखों का सामना ऐसे समूहों से हुआ है जो यह जानना चाहते थे कि क्या वे कृपाण रखे हुए हैं।

**कई समूहों से संपर्क...** UK में एक शिक्षक अमनदीप सिंह ने 'द गार्डियन' से कहा, ₹कई सिखों से ऐसे लोगों के समूहों ने संपर्क किया है जो कृपाण के बारे में पूछकर तनाव पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। ब्रिटिश सिख राजनेताओं ने धार्मिक रीति-पालन के अधिकार का बचाव किया आवाज उठाने वालों में वङ लेबर पार्टी के सांसद तनमनजीत सिंह ढेसी भी शामिल थे, जिन्होंने 3 जून को हाउस ऑफ कॉमन्स (UK संसद) में यह मुद्दा उठाया।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372